दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 157
कोटद्वार सोमवार
2 अक्टूबर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## भारत ने एशियाई खेलों में 13 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा

# पहली बार एक दिन में 15 पदक जीते

**हांगझोऊ , एजेंसी।** भारत ने एशियाई खेलों के आठवें दिन 15 पदक जीते। खेलों के इतिहास में यह पहला अवसर है जब भारत ने इतने पदक एक ही दिन में जीत लिए। इससे पहले 2010 में भारत को एक दिन में 11 पदक मिले थे। हांगझोऊ एशियाई खेलों में भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम स्वर्ण पदक से चूक गई है। फाइनल में उसका सामना मजबूत चीन से था। अपने नाम के मुताबिक, चीन ने फाइनल में भारत को 3-2 से हरा दिया है। भारत को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। टीम इंडिया ने इस स्पर्धा में 37 साल बाद कोई पदक जीता है। यह पहली बार है जब भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने एशियाड में रजत जीता है।

भारत की एथलीट ज्योति याराजी ने 100 मीटर हर्डल रेस में रजत पदक जीता। वह 12.91 सेकंड के साथ तीसरे स्थान पर रही थीं, लेकिन दूसरे पायदान रहने वाली चीन की खिलाड़ी वू यानी को डिस्क्वालिफाई कर दिया गया। इस तरह याराजी का पदक कांस्य से रजत में बदल गया।

डिस्कस थ्रो में भारत की सीमा पूनिया ने कांस्य पदक अपने नाम किया। उन्होंने 58.62 मीटर दूर थ्रो फेंककर कांस्य पदक जीता। चीन की









बिन फेंग ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं, जियांग झिचाओ ने रजत पर कब्जा किया। नंदिनी अगासारा ने 800 मीटर हेप्टाथेलॉन में कांस्य पदक हासिल किया।

उन्होंने इस स्पर्धा के फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी किया। उन्होंने 2:15:33 का समय लिया।

भारत के मुरली श्रीशंकर ने लॉन्ग जंप में रजत पदक जीता है। उन्होंने 8.19 मीटर के बेस्ट जंप के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। चीन के वांग जियानान ने 8.22 मीटर के बेस्ट जंप के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया।

पुरुषों के 1500 मीटर दौड़ में भारत को दो पदक मिले। अजय कुमार सरोज ने रजत पदक पर कब्जा किया। वहीं, जिनसॉन जॉनसन ने उनसे पीछे रहे और उन्हें कांस्य से संतोष करना पड़ा। कतर के मोहम्मद अल गरनी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में भारत को हरमिलन बैंस ने रजत पदक दिलाया। वह दूसरे स्थान पर रहीं। बहरीन की विनफ्रेड मुटिले यावी ने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।

तजिंदरपाल सिंह तूर ने भाला फेंक में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। वह लगातार दूसरे एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने में सफल हुए हैं। तजिंदर ने 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में भी पहला स्थान हासिल किया था। अविनाश साबले ने 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। उन्होंने 8:19:53 मिनट का समय निकाला। इस प्रतियोगिता में यह भारत का 12वां स्वर्ण पदक है।

## तकनीकी खराबी के चलते सेना के हेलीकॉप्टर की खेतों में आपात लैंडिंग, 6 लोग थे सवार

**भोपाल, एजेंसी।** भोपाल जिले के बैरसिया के पास आज सेना के एक हेलीकॉप्टर को कथित तकनीकी खराबी के कारण आपात स्थिति में खेत में सुरक्षित उतार लिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार बैरसिया के पास डुंगरिया गांव के खेत में सुबह हेलीकॉप्टर के उतरने की सूचना पर ग्रामीण पहुंचे। सूचना मिलने पर पुलिस के जवान भी पहुंचे और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई।

सूत्रों ने कहा कि हेलीकॉप्टर में लगभग छह लोग सवार थे और ये सेना से जुड़े हुए हैं। सभी सुरक्षित हैं। बताया गया है कि हेलीकॉप्टर पायलटों के प्रशिक्षण उड़ान पर था। उड़ान के दौरान हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी महसूस होने पर उसे एक खेत में उतारा गया। घटना की सूचना सेना के अधिकारियों को भी दे दी गयी है। हेलीकॉप्टर के आसपास पुलिस ने ऐहतियातन अपना सुरक्षा घेरा बना दिया है।

## राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ी, इस मामले में नोटिस जारी

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** मोदी सरनेम केस बाद भी राहुल गांधी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं है। कांग्रेस सांसद द्वारा वीर सावरकर पर की गई टिप्पणी के खिलाफ दाखिल परिवाद को खारिज किए जाने के निचली कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को जिला जज अश्विनी कुमार त्रिपाठी ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। राहुल गांधी को नोटिस जारी करते हुए सुनवाई के लिए एक नवंबर की तारीख तय की थी। साथ ही पत्रावली को सुनवाई के लिए एमपी/एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश की कोर्ट मे स्थानांतरित कर दिया है। याचिकाकर्ता नृपेंद्र पांडेय ने एमपी/एमएलए के विशेष एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग वाली अर्जी दी थी।

इसमें आरोप लगाया था कि राहुल गांधी ने सावरकर के खिलाफ 17 नवंबर 2022 को अकोला महाराष्ट्र में जानबूझकर टिप्पणी की थी। राहुल गांधी ने देश के समस्त स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान किया है। राहुल गांधी ने निरंतर अंग्रेजों का पेंशनर, अंग्रेजों का नौकर, मददगार, अपनी रिहाई के लिए माफी मांगने वाला बताकर अनेकों दोषारोपण किया। निचली अदालत ने पहले इस अर्जी को परिवाद के रूप में दर्ज करने का आदेश दिया।

### रुद्रपुर मर्डर: मामूली विवाद में चाचा के सिर पर हुआ खून सवार

## भतीजे पर झोंका फायर, सदमे में नवविवाहिता पत्नी

**रुद्रपुर (उधम सिंह नगर), एजेंसी।** रुद्रपुर के बिंदुखेड़ा-रायपुर गांव में रविवार को खेत में काम कर रहे युवा किसान की सिंचाई के नलकूप के तार को लेकर हुए विवाद में चाचा ने गोली मारकर हत्या कर दी। तमंचे से फायर झोंकने ही आरोपी मौके से फरार हो गया। मृतक का छह माह पहले ही विवाह हुआ था।





जानकारी के अनुसार, दूरस्थ गांव बिंदुखेड़ा निवासी राजिंदर सिंह उर्फ राजू (24) वर्ष पुत्र तारा सिंह सुबह के समय अपने खेत में कीटनाशक छिड़काव कर रहा था। तभी नलकूप से सिंचाई के लिए सुच्चा सिंह की खेत से सटे बिजली के पोल तार लगाने पर दोनों में विवाद हो गया।

तभी तैश में आकार सुच्चा सिंह ने तमंचे से राजू के छाती पर फायर झोंक दिया। फायरिंग की आवाज सुनकर राजू के परिवार के सदस्य चीखते हुए मौके पर पहुंचे, उन्हें देखकर सुच्चा सिंह मौके से फरार हो गया।

अफरातफरी के बीच परिजन बुरी जख्मी राजू को काशीपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टर के हाथ खड़े करने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत की सूचना मिलने पर पिता तारा सिंह और माता सुरजीत कौर बेहोश हो गई। बड़े भाई लखविंदर सिंह और बहन का भी रो-रोकर बुरा हाल है।

गांव के लोगों ने बताया कि राजू का छह माह पहले दिल्ली से सुरेंद्र कौर के साथ विवाह हुआ था। पति की मौत से नवविवाहिता पत्नी भी सदमे में है। राजू दो भाईयों और पांच बहनों में सबसे छोटा था। कोतवाल विक्रम राठौर ने पंचनामा भरवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। कोतवाल ने बताया कि फरार सुच्चा सिंह नशे का आदी है, उसके विरुद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## सितंबर में जीएसटी संग्रह 10 फीसदी बढ़ा, चालू वित्त वर्ष में चौथी बार 1.62 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह सितंबर में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़ा। यह 1.62 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रहा। चालू वित्त वर्ष में यह चौथा महीना है, जब कर संग्रह 1.6 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। पिछले महीने सकल जीएसटी राजस्व 1,62,712 करोड़ रुपये रहा था। इसमें केंद्रीय जीएसटी 29,818 करोड़, राज्य जीएसटी 37,657 करोड़, एकीकृत जीएसटी 83,623 करोड़ (माल के आयात पर जमा 41,145 करोड़ रुपये सहित) और उपकर 11,613 करोड़ (माल के आयात पर जमा 881 करोड़ रुपये सहित) था।

## 11 अक्तूबर को बंद होंगे हेमकुंड साहिब के कपाट



**जोशीमठ (चमोली)।** हेमकुंड साहिब की यात्रा इस सीजन के अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रही है। 11 अक्तूबर को हेमकुंड के कपाट बंद हो जाएंगे और यात्रा में अब दस दिन ही शेष रह गए हैं। ऐसे में अब हेमकुंड साहिब की यात्रा ने रफ्तार पकड़ ली है। शनिवार को यहां 960 श्रद्धालुओं ने मत्था टेका जबकि रविवार को 1330 श्रद्धालु मत्था टेकने पहुंचे।

हेमकुंड साहिब के कपाट 11 अक्तूबर को शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। मौसम साफ होने पर हेमकुंड आने वाले यात्रियों की संख्या भी बढ़ने लगी है। इस सीजन में अभी तक यहां 1,60800 श्रद्धालु पहुंच चुके हैं।

हेमकुंड साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा ने बताया कि मौसम खुलने पर यात्री बढ़े हैं। हेमकुंड साहिब के कपाट बंद होने में चंद दिन शेष हैं। इस समय हेमकुंड साहिब का मौसम भी सुहावना बना है।

## महंगाई का झटका, एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में 209 रुपए की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अक्तूबर के पहले ही दिन लोगों को महंगाई का झटका लगा है। पेट्रोलियम कंपनियों ने आज एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में एक साथ 209 रुपए की बढ़ोतरी की है। हालांकि यह बढ़ोतरी 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर में हुई है। बढ़ी हुई दरें आज से लागू हो गई हैं। इस बढ़ोतरी के साथ ही राजधानी दिल्ली में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1731.50 रुपए हो गई है। इससे पहले दिल्ली में 19 किलोग्राम का एलपीजी सिलेंडर 1522.50 रुपए में बिक मिल रहा था। हालांकि, राहत की बात है कि 14 किलो वाले घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं हुआ है। बता दें कि इससे पहले 1 अप्रैल को भी कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 250 रुपए की बढ़ोतरी हुई थी। दिल्ली के अलावा अन्य



महानगरों, कोलकाता में एलपीजी सिलेंडर के दाम में 203.50 रुपए की बढ़त हुई है और यहां कमर्शियल गैस सिलेंडर 1636.00 रुपए के बजाय 1.839.50 रुपए में मिल रहा है। मुंबई में इसकी कीमत 1,684 प्रति सिलेंडर तक पहुंच गई है। चेन्नई में कीमत 1,695 रुपए से बढ़कर 1898 रुपए हो गई है। घरेलू एलपीजी की कीमत में किसी तरह का बदलाव नहीं हुआ है। यह अपने पुराने रेट पर मिल रहा है। दिल्ली में 14.20 किलोग्राम वाला घरेलू गैस सिलेंडर 903 रुपए, कोलकाता में 929 रुपए, मुंबई में 902.50 रुपए और चेन्नई में 918.50 रुपए में मिल रहा है।

## 'तेलंगाना के लोगों ने बदलाव का अपना इरादा पक्का कर लिया है' : पीएम

**हैदराबाद, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तेलंगाना के महबूबनगर में रोड शो किया। इस दौरान भारी संख्या में लोगों की हुजूम पीएम मोदी की एक झलक पाने के लिए वहां पहुंचा। पीएम मोदी ने सभी का अभिवादन किया। इसके बाद उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में तेलंगाना के लोगों ने लोकसभा, विधानसभा और निकाय चुनाव में भाजपा को मजबूत किया है। आज यहां जो जनसैलाब दिख रहा है, उससे मैं आश्वस्त हूं कि तेलंगाना के लोगों ने बदलाव का अपना इरादा पक्का कर लिया है।

उन्होंने कहा कि मैं देशवासियों से स्वच्छता के कार्यक्रम से जुड़ने का आह्वान करता हूं कि वे भी एक घंटा निकालकर इस कार्यक्रम में शामिल हों। देश के कोने-कोने में स्वच्छता अभियान चल रहा है, मुझे विश्वास है कि आज शुरू हुए इस अभियान में जबरदस्त भागीदारी होगी। उन्होंने यह भी कहा कि यहां आने से पहले मुझे आज सुबह स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। मैं देशवासियों से स्वच्छता के कार्यक्रम से जुड़ने का आह्वान करता हूं कि वे भी एक घंटा निकाल कर इस अभियान में शामिल हों।

पीएम मोदी ने कहा, 'हम अपने अन्नदाताओं को सम्मान दे रहे हैं, उनकी मेहनत का सही मूल्य दे रहे हैं। 2014 में कांग्रेस की सरकार के समय तेलंगाना के किसानों से धान की टरढ पर खरीद पर 3400 करोड़ खर्च किए गए थे, लेकिन हमने एक साल में 1 साल में 27 हजार करोड़ रुपए किसानों के



लिए खर्च किए हैं। मुझे अफसोस है कि यहां की सरकार ने किसान योजनाओं को अपनी काली कमाई का जरिया बना लिया है। तेलंगाना में सिंचाई परियोजना के नाम पर सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ है।

पीएम मोदी ने कहा कि आज मुझे तेलंगाना के लोगों के कल्याण के लिए 13,500 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करने का मौका मिला। ये परियोजनाएं तेलंगाना को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचने में मदद करेंगी। ये परियोजनाएं तेलंगाना के युवाओं के लिए अवसर पैदा करेंगी।

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न परियोजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने महबूबनगर में 13,500 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कृष्णा स्टेशन से हैदराबाद (काचेगुडा)- रायचूर-हैदराबाद (काचेगुडा) ट्रेन सेवा का उद्घाटन भी किया।

उन्होंने कहा कि नागपुर-विजयवाड़ा कॉरिडोर के जरिए तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र में आवाजाही बहुत आसान होने वाली है। इसके कारण इन तीनों राज्यों में व्यापार, टूरिज्म और इंडस्ट्री को भी काफी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 2014 में एलपीजी कनेक्शनों की संख्या लगभग 14 करोड़ थी, अब यह बढ़कर 32 करोड़ से ज्यादा हो गई है। हाल ही में हमने गैस सिलेंडर के दाम भी कम किए हैं।

उन्होंने कहा कि आज मैं तेलंगाना की धरती से घोषणा कर रहा हूं कि केंद्र सरकार ने हल्दी किसानों के हित के लिए और उनकी आवश्यकता व भावी संभावनाओं को देखते हुए राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के गठन का फैसला किया है।

उन्होंने कहा कि आज मैं यहां से एक और घोषणा कर रहा हूं। भारत सरकार मुलुगु जिले में एक सेंट्रल ट्राइबल यूनिवर्सिटी की स्थापना करने जा रही है। इसका नाम आदिवासी देवियां सम्मक्का-सारक्का के नाम पर रखा जाएगा।

## देशभर के 400 संत पहुंचे अयोध्या: मंदिर निर्माण की प्रगति देख हुए भावुक

**अयोध्या, एजेंसी।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आमंत्रण पर रविवार को 400 से अधिक संत-धर्माचार्यों ने राममंदिर निर्माण की प्रगति देखी। रामजन्मभूमि परिसर से प्रगति देखकर लौटे संतों के चेहरे पर संतोष का भाव था। आंखें खुशी से सजल नजर आ रही थीं। जय श्रीराम का उद्घोष उनका उत्साह प्रदर्शित कर रहा था। संत मंदिर की भव्यता से निहाल दिखे और बोले कि मंदिर के स्थापत्य कला में अयोध्या की मर्यादा, संस्कृति झलक रही है। यह अद्भुत और दुनिया के चुनिंदा मंदिरों में से एक होगा।

रविवार को सुबह 10 बजे संतों का जत्था रामजन्मभूमि परिसर में पहुंचा। निर्माणाधीन गर्भगृह में प्रवेश करते ही संत भावुक हो उठे। सभी ने उस स्थल पर सिर नवाया जहां रामलला विराजमान होंगे। इस पल को अविस्मरणीय बनाने के लिए संतों ने अपने मोबाइल में भी इस क्षण को कैद किया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सभी संतों को



मंदिर निर्माण के सभी कार्यों की जानकारी दी।

मंदिर से बाहर निकल रहे मंदिर आंदोलन के अहम किरदार पूर्व सांसद डॉ. रामविलास दास वेदांती ने कहा कि रामभक्तों की कल्पना साकार हो रही है। जगद्गुरू रामदिनेशाचार्य बोले कि राममंदिर के साथ राष्ट्र मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। महंत रामभूषण दास कृपालु भी उत्साहित थे। बोले कि मंदिर की प्रगति व भव्यता संतोषजनक है। मंदिर आंदोलन का अहम केंद्र रहा आचारी मंदिर के महंत विवेक आचारी ने भावुक हो कहा कि मंदिर आंदोलन के नायकों को आज सुखद अनुभूति हो रही होगी, उनका संघर्ष सफल जो रहा रहा है।

महंत देवेंद्रप्रसादाचार्य, जगद्गुरू डॉ. राघवाचार्य, जगद्गुरू श्रीधराचार्य, महंत करुणानिधान शरण, महंत रामकुमार दास, मुख्य ग्रंथी ज्ञानी गुरूजीत सिंह, पुजारी रमेश दास, ज्योतिषाचार्य पंडित कौशल्यानंदन, महंत शशिकांत दास, महंत जनार्दन दास, महंत गिरीश दास, आचार्य राधेश्याम शास्त्री समेत सभी संत मंदिर निर्माण का साक्षी बनकर अभिभूत नजर आए। मंदिर परिसर में ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र, गोपालजी व शरद शर्मा ने संतों का अभिनंदन किया।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को लगभग तय है। रविवार को मंदिर निर्माण का साक्षी बनने के बाद कई संतों ने भी कहा कि 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। प्राण प्रतिष्ठा व पूजा पद्धति तैयार करने वाली संतों की टीम में शामिल महंत डॉ. रामानंद दास बोले कि 22 जनवरी 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी तो पूरा देश राममय होगा। नाका हनुमानगढ़ी के महंत रामदास ने भी इसी तिथि पर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की बात कही। बोले- समारोह की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। कई अन्य संतों ने भी इसी तिथि पर राममंदिर के उद्घाटन की बात कही। हालांकि अभी तक ट्रस्ट ने प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तिथि घोषित नहीं की है।

> 161 फीट ऊंचा तीन मंजिला राममंदिर 2025 तक बनकर तैयार हो जाएगा। मंदिर के भूतल का काम लगभग पूरा हो चुका है, अब फिनिशिंग का काम चल रहा है। भूतल दिसंबर तक पूरी तरह से तैयार हो जाएगा। राममंदिर के प्रथम तल का भी 50 फीसदी काम पूरा हो चुका है। राममंदिर तकनीक व भव्यता के मामले में देश के चुनिंदा मंदिरों में से एक होगा। मंदिर प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित रहे और सदियों तक अक्षुण्ण बना रहे, इसके लिए आठ नामी तकनीकि संस्थाओं की मदद ली जा रही है।
>
> **चंपत राय, महासचिव, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट**

## न पोस्टर लगवाएंगे, न पिलाएंगे चाय: नितिन गडकरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपनी बेबाकी के लिए मशहूर वरिष्ठ भाजपा नेता नितिन गडकरी ने कहा है कि वह चुनाव प्रचार के दौरान अपने लोकसभा क्षेत्र नागपुर में कोई बैनर या पोस्टर नहीं लगवाएंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि लोगों को चाय तक नहीं पिलाएंगे। बता दें कि महाराष्ट्र के वाशिम में तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के उद्घाटन के दौरान नितिन गडकरी ने ये बातें कही हैं। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस घोष वाक्य को भी दोहराया, जिसमें वह कहते हैं, न खाऊंगा और न किसी को खाने दूंगा। गडकरी ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव के लिए मैंने फैसला किया है कि कोई बैनर या पोस्टर नहीं लगाया जाएगा।



लोगों को चाय नहीं दी जाएगी, जिन्हें वोट देना है वे वोट देंगे और जिन्हें नहीं देना है वे नहीं देंगे। न ही मैं रिश्वत लूंगा और न ही मैं किसी को लेने दूंगा। मुझे विश्वास है कि मैं ईमानदारी से आप सभी की सेवा कर सकूंगा। इससे पहले जुलाई में नितिन गडकरी ने एक किस्सा सुनाते हुए कहा था कि उन्होंने एक बार चुनाव के दौरान मतदाताओं को मटन उपलब्ध कराया था, लेकिन फिर भी वह हार गए।

# उत्तराखण्ड के सभी जनपदों में चला 1 घंटा वृहद सफाई अभियान , स्वच्छता की शपथ ली

देहरादून। माननीय प्रधानमंत्री जी के आहवान पर सम्पूर्ण भारत वर्ष में 'स्वच्छता ही सेवा 2023' अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तर-खण्ड राज्य समस्त जनपदों सहित जनपद देहरादून प्रातः 10 बजे से 11 बजे तक 01 घंटा वृहद सफाई अभियान चलाया गया तथा स्वच्छता की शपथ ली गई। स्वच्छता ही सेवा 2023 अभियान के अन्तर्गत आज जनपद के गांधी पार्क में सफाई अभियान चलाया गया जिसमें माननीय सांसद टिहरी लोकसभा श्रीमती माला राज्य लक्ष्मी शाह, माननीय कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमचंद्र अग्रवाल, माननीय मेयर नगर निगम सुनील उनियाल गामा सहित उच्च स्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर कार्यक्रम उपस्थित लोगों, छात्र/छात्राओं महानुभवों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई। सर्वप्रथम उपस्थित सभी महानुभावों द्वारा महात्मागांधी जी के चित्र पर पुष्प





अर्पित किये।

इस अवसर पर माननीय सांसद टिहरी लोकसभा ने सम्बोधन करते हुए कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा सम्पूर्ण देश को स्वच्छ रखने का आहवान किया है। उन्होंने कार्यक्रम आए हुए बच्चों से कहा कि हमे स्वच्छता अपने घर एवं उसके आसपा से शुरू करनी चाहिए तथा इसको अपनी दिनचर्या में शामिल करें। उन्होंने कहा कि अपने देश, राज्य, जनपद, नगर, शहर को स्वच्छ रखना हम सभी का कर्तव्य है।कार्यक्रम में माननीय शहरी विकासमंत्री डॉ प्रेमचन्द्र अग्रवाल ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने स्वच्छता अभियान को अपनाकर संदेश दिया है कि हर क्षेत्र (घर से लेकर कार्यक्षेत्र तक सभी) को साफ रखें। माननीय प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर सम्पूर्ण भारत देश में सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें स्कूली, बच्चों, अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वंयसेवी संस्थाओं द्वारा प्रतिभाग करते हुए सवच्छता हेतु श्रमदान किया। उन्होंने कहा कि बच्चें एवं मातृशक्ति जिस भी अभियान में शामिल होते है, ऐसे सभी अभियान सफल होते है।

उन्होंने कहा स्वच्छता की शपथ एक औपचारिकता न रहे बल्कि सफाई को हम अपने नित जीवन का हिस्सा बनाएं तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए माननीय मेयर नगर निगम सुनील उनियाल गामा ने कहा कि माननीय प्रधामंत्री के स्वच्छता के संकल्प पर सम्पूर्ण देश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। शहर को स्वच्छ रखने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है, कहा कि हम अपनी जिम्मेदारी समझते हुए कूड़े को उसके नियत स्थान डस्टबीन पर ही डालें, ईधर–उधर कूंड़ा न फैलाएं था न ही किसी को कूड़ा फैलाने दें। उन्होंने छात्र/छात्रओं एवं उपस्थित लोगों से कहा कि संकल्प लें कि हम प्लास्टिक का उपयोग नही करेंगे जो सामग्री प्लास्टिक में आएगी उसका बहिष्कार करें। कहा कि जनपद देहरादून के लगभग 1100 स्थानों तथा देहरादून नगर निगम क्षेत्र के 324 स्थान पर एक घंटा वृह्द सफाई अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक मंचन कर लोंगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।माननीय सांसद टिहरी लोकसभा श्रीमती मालाराज्य लक्ष्मी शाह, माननीय कैबिनेट मंत्री डॉ प्रेमचंद्र अग्रवाल, माननीय मेयर नगर निगम सुनील उनियाल गामा, नगर स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम डॉ अविनाश खन्ना, नगर निगम एवं अन्य विभागों के अधिकारियों सहित एकलव्य स्कूल चकराता, के छात्र–छात्राओं तथा जीजीआईसी राजपुर की छात्राओं व अध्यापकों ने प्रतिभाग किया।

# आईओएल में चलाया स्वच्छता अभियान



देहरादून। रविवार को भारत सरकार रक्षा मंत्रालय के उपक्रम इंडिया आप्टेल लिमिटेट में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के तहत यहां के आवासीय परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान की शुरुआत आईओएल भवन से की गयी। इस अवसर पर समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी 'देशव्यापी स्वच्छता अभियान' में शामिल हुए और परिसर के अलावा सभी कार्यालयों में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान की शुरूआत इंडिया आप्टेल लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक जी सी अग्निहोत्री के द्वारा घास काटने के साथ की गयी। इस के पश्चात सभी अधिकारियों व कमर्चारियों ने घास काट कर पूरे परिसर को साफ किया और जगह जगह विखरा हुआ कूड़ा एकत्र कर उसका निस्पादन किया। इसके पश्चात वहां उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए श्री अग्निहोत्री ने कहा कि स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं, तभी हम अपने संस्थान को स्वच्छ और समृद्ध बना सकते हैं। स्वच्छता के लिए हमें कहीं दूर जाकर कार्य करने की आवश्यकता नहीं है, अपितु हमें अपने अपने आस–पास ही स्वच्छता के लिए एक दृष्टिकोण बनाना होगा। उन्होने इस अवसर पर इंडिया आप्टेल लिमिटेड के विषय में कर्मचारियों और अधिकारियों को जानकारी भी दी। इस अवसर पर आयुध निर्माणी देहरादून जो कि इंडिया आप्टेल लिमिटेड की एक ईकाई है के महाप्रबंधक रणधीर कुमार सिन्हा ने कहा कि हमें एक बार फिर से स्वच्छ भारत अभियान को एक ऊंचे स्तर पर ले जाने के लिए प्रेरणा प्राप्त हुई है।

## पथरी में विधायक ने किया सड़कों शुभारंभ

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के गांव पंजनहेड़ी, मिस्सरपुर सहित अन्य कई गांव में हरिद्वार ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत ने रविवार को राज्य योजना के अंतर्गत एक करोड़ 35 लाख 99 हजार रुपये की लागत से बनाने वाली सड़कों का शुभारंभ किया गया।

इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों से वार्ता कर समस्याओं को सुना और उनका जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। विधायक ने गांव मिस्सरपुर, पंजनहेड़ी, ज्यापोता, भुवापुर, धारीवाल व हर्षीवाला में टूटी सड़कों को बनवाने का प्रस्ताव भेजा था। सड़कें इंटरलॉकिंग टाइल द्वारा बनवाई जानी है। सड़क के शुभारंभ के बाद विधायक ने ग्रामीणों से मुलाकात की।

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में उतरे डीएम दीक्षित और विधायक किशोर

,नई टिहरी। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत नई टिहरी में टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय व डीएम मयूर दीक्षित के नेतृत्व में एक घंटे का वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि सफाई को जीवन का हिस्सा बनायें। जबकि डीएम दीक्षित ने कहा कि कूड़े निस्तारण की वैज्ञानिक विधि से जुड़कर पर्यावरण संरक्षण में लोग अपन भूमिका सुनिश्चित करें। रविवार के जिला प्रशासन सहित नगर पालिका, स्थानीय जनप्रतनिधियों व समाजसेवियों ने सफाई अभियान पर फोकस किया।

सफाई अभियान के दौरान सेक्टर 5ए में सड़क किनारे विभिन्न प्रजाति के पौधे भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर रोपे गए। इसी दौरान राष्ट्रीय पोषण मिशन के तहत आयोजित पोषण अभियान साइकिल रैली में विधायक टिहरी किशोर उपाध्याय व डीएम मयूर दीक्षित, सीडीओ मनीष कुमार, एसडीएम संदीप कुमार ने प्रतिभाग किया। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विकास विभाग के तत्वाधान में रविवार को जनपद मुख्यालय में गणेश चौक से बोराड़ी स्टेडियम तक राष्ट्रीय पोषण मिशन के तहत पोषण माह के समापन अवसर पर जनजागरूकता के लिए साइकिल रैली का आयोजन किया गया। पोषण अभियान रैली को क्षेत्रीय विधायक किशोर व डीएम मयूर दीक्षित ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत जनपद के समस्त ग्रामीण व शहरी में भी सुबह दस से ग्यारह बजे तक पूरी तत्परता से श्रम कर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

जनपद की प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगर पालिका–नगर पंचायत के सभी वार्डों, कार्यालयों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, स्कूली छात्र–छात्राओं, स्वयं सहायता समूह, युवक मंगल दल, महिला मंगल दल, नेहरू युवा केन्द्र एवं स्थानीय नागरिकों ने स्वच्छता कार्यक्रम में प्रतिभाग कर श्रमदान किया गया। जबकि जिला खेल विभाग ने रन फॉर स्वच्छता के लिए जनपद मुख्यालय में बोराड़ी स्टेडियम से क्रास कंट्री दौड़ का आयोजन किय। क्रास कंट्री दौड़ को क्षेत्रीय विधायक किशोर उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## एक नजर

### विश्वकर्मा धीमान समाज ने किया मेधावियों का सम्मान

रुड़की। विश्वकर्मा धीमान समाज की ओर से रविवार को हरमिलाप धर्मशाला रुड़की में आयोजित समारोह में समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया। पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के पौत्र ऑल विश्वकर्मा रामगढ़िया फाउंडेशन के अध्यक्ष इंद्रजीत जैल सिंह मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के विकास में विश्वकर्मा धीमान समाज का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने छात्र–छात्राओं को देश का भावी नागरिक बताते हुए कहा कि हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। रुड़की के नगर विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि सफलता का मूल मंत्र केवल कड़ी मेहनत है। कभी भी बच्चों को शॉर्टकट के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति ने कहा कि सकारात्मक सोच सकारात्मक परिणाम लाती है। विशिष्ट अतिथि सुनील कुमार धीमान ने शिक्षा के क्षेत्र में हर रोज हो रहे नए–नए परिवर्तनों के बारे में विस्तार से बच्चों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रवि दत्त शर्मा, केएलडीएवी डिग्री कॉलेज के उपप्राचार्य डॉक्टर मंजुल धीमान, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश धीमान, शासकीय अधिवक्ता अनिल कुमार आदि ने विचार रखे।

### भाजपाइयों ने महापुरुषों की प्रतिमाओं पर की सफाई

रुड़की। भारतीय जनता पार्टी रुड़की पूर्वी मंडल अध्यक्ष संजय त्यागी के नेतृत्व में शिव मंदिर सिविल लाइन, चंद्रशेखर चौक गांधी, गांधीजी की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चलाया एवं नहर किनारे स्थित रविदास घाट पर संत रविदास और कश्यप घाट पर महर्षि कश्यप की प्रतिमा, नगर निगम स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर, रानी लक्ष्मीबाई पार्क में भी सफाई अभियान चलाया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री, अरविंद गौतम, आदेश सैनी, बूथ अध्यक्ष अमित अग्रवाल, राहुल, आकाश जैन, श्याम भारद्वाज, रीता अग्रवाल, अंकुर भाटिया, रविंद्र अग्रवाल, शाहिद आदि मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने किया देवभूमि विकास संस्थान द्वारा आयोजित ''मेगा रक्तदान शिविर'' का शुभारंभ

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को रेस कोर्स देहरादून में स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर देवभूमि विकास संस्थान द्वारा आयोजित ''मेगा रक्तदान शिविर'' का शुभारंभ किया। उन्होंने रक्तदान कर रहे लोगों से भी मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। रक्तदान शिविर में देवभूमि विकास संस्थान के संरक्षक व पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के अलावा स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी उपस्थित रहे।

रक्तदान शिविर में प्रतिभाग करते हुए राज्यपाल ने 117 बार रक्तदान करने वाले ऋषिकेश के राजेन्द्र बिष्ट सहित 50 से अधिक बार रक्तदान करने वाले मनोज शर्मा, सुशील छाबड़ा, अमित, राजेन्द्र रावत, डॉ. पीयूष मौर्य को सम्मानित किया। इसके अलावा देवभूमि विकास संस्थान द्वारा 03 सितम्बर से 13 सितम्बर तक आयोजित रक्तदान शिविरों में सहयोग करने वाली संस्थाओं को भी सम्मानित किया।

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग करते हुए राज्यपाल ने कहा कि रक्तदान मानवता के लिए किया गया सबसे बड़ा दान है। व्यक्ति द्वारा जीवित रहते हुए रक्तदान और मृत्यु के पश्चात देहदान करना सबसे पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि रक्तदान से व्यक्ति को आत्म संतुष्टि भी मिलती है। अपने रक्त को दान कर दसरों की जिंदगी में खुशहाली लाना सबसे बड़ी आत्म संतुष्टि होती है।



उन्होंने विश्वास जताया कि इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक करने के साथ–साथ मानव सेवा में भागीदार बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। राज्यपाल ने कहा कि आज इस शिविर में कई लोग रक्तदान कर रहे हैं वे अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे बीच ऐसे भी लोग हैं जिन्होंने 100 से भी अधिक बार रक्तदान किया है। उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी लोगों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

राज्यपाल ने देवभूमि विकास संस्थान के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा अन्य सामाजिक कार्यों वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमेशा से महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अपने संबोधन में संस्थान के प्रयासों की सराहना करते हुए रक्तदान करने वाले लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत वर्तमान तक 726 रक्तदान शिविर लगाए गए हैं। 02 लाख 28 हजार लोगों ने ई–रक्तकोष पोर्टल पर पंजीकरण किया है जो देश में सर्वाधिक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अभी तक 52 लाख 50 हजार आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं और 60 लाख 50 हजार लोगों की आभा आई–डी बनायी जा चुकी है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में अभी तक 1926 लोगों ने अंगदान के लिए पंजीकरण किया है जो तेलंगाना के बाद देश में दूसरे स्थान पर है।

पूर्व मुख्यमंत्री और संस्थान के संरक्षक त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक कार्यों में बढ़–चढ़ कर भाग लेना एवं सेवा के कार्यों को किया जाना आत्मसंतुष्टि प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि संस्थान द्वारा 03 सितम्बर से 13 सितम्बर तक विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से रक्तदान शिविरों का आयोजन कर 01 हजार यूनिट रक्त विभिन्न अस्पतालों को उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान शिविरों में महिलाओं की सहभागिता रही है लेकिन अधिकांश महिलाओं एवं लड़कियों में खून की कमी (अनीमिया) पाई जा रही है जिस ओर ध्यान दिए जाने की जरूरत है।

# श्रमदान कर बापू को दी श्रद्धांजलि

चमोली। गांधी जयंती की पूर्व बेला पर एक तारीख, एक घंटा, एक साथ मिलकर जनपद चमोली में जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता के नाम श्रमदान कर वृहद सफाई अभियान चलाया।

नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान एवं अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए बालिका इंटर कॉलेज गोपेश्वर से स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान बालिका इंटर कॉलेज के पैदल मार्ग से लेकर गोपेश्वर–मंडल राष्ट्रीय राजमार्ग पर वृहद सफाई करते हुए प्लास्टिक कूड़े कचरे को एकत्रित किया गया। जैविक और अजैविक




कचरे को अलग–अलग थैलियों में भरकर नगर पालिका के कूडा वाहनों से कूड़ा निष्पादन केंद्र भेजा गया। स्कूली छात्र–छात्राओं , एनसीसी कैडेट , एनएसएस ने विशाल स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली और आम जनता को कूड़े का सोर्स सेग्रीगेशन एवं कूड़ा प्रबंधन को लेकर जागरूक किया। इस दौरान स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प भी लिया गया।

## ग्रामीणों को पर्यावरण और स्वच्छता की शपथ दिलाई

नई टिहरी। बालगंगा रेंज की ग्राम पंचायत वाड अणुवा में वन्य जीव सप्ताह कार्यक्रम प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश भजनियाल की अध्यक्षता में मनाया गया। मौके पर ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। ग्रामीणों ने रेंजर के समक्ष बंदरों और जंगली सुअरों के कारण खेती हो रहे नुकसान की समस्या रखी।भिलंगना के वाड अणुवा में वन्यजीव सप्ताह कार्यक्रम में रेंजर प्रदीप चौहान और विभागीय कर्मचारियों ने ग्रामीणों को वन्य जीव,पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने लोगों से वन संपदा और वन्यजीवों को बचाने की अपील की।

# धोखधड़ी से बेच दी वक्फ बोर्ड की संपत्ति

हरिद्वार। वक्फ बोर्ड की संपत्ति धोखाधड़ी से बेचने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि धोखाधड़ी के बाद सदमे से स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी की मौत हो गई। तीनों आरोपियों ने कर्मचारी की पत्नी से गाली गलौल कर हत्या करने की धमकी दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। ज्वालापुर कोतवाली क्षेत्र में ईदगाह कमेटी के कोषाध्यक्ष शमीम अहमद और उसके दो साथियों द्वारा मिलकर एक स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी को वक्फ बोर्ड की संपत्ति बेचकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक लोधामंडी निवासी फातिमा पत्नी स्व. इंतजार अहमद ने पुलिस को शिकायत देकर बताया कि पति इंतजार की नौकरी सीएमओ कार्यालय में लगने के बाद कैराना जिला शामली से परिवार ज्वालापुर लोधामंडी आकर शाहिद हुसैन के घर किराये पर रहने लगा। पति मकान की तलाश में थे। इस दौरान मकान मालिक शाहिद हुसैन ने अपने चाचा मोहम्मद शमीम से पति इंतजार को मिलवाया। आरोप है कि साजिश कर पूर्व में तैयार फर्जी कागज पति को दिखाते हुए 30 जुलाई 2005 को एक प्लॉट का बैनामा 2.40 लाख में शमीम ने पति को कर दिया।

# हरकी पैड़ी पर चलाया स्वच्छता अभियान

हरिद्वार। स्वच्छता के लिए श्रमदान अभियान के तहत हरिद्वार सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक के नेतृत्व में हरकी पैड़ी के निकट मालवीय घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। वहीं, जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने भेल के सेक्टर एक स्थित गांधी पार्क में अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।निशंक ने कहा कि स्वच्छता के लिए श्रमदान अभियान शहर, गांव, बस्ती, गलियों में सभी जगह शुरू किया गया है। हरिद्वार हरकी पैड़ी अध्यात्म की राजधानी है। जहां रोजाना लाखों श्रद्धालु स्नान करने पहुंचते हैं। इस स्थान पर इस अभियान को शुरू कर स्वच्छता का संदेश देश ही नहीं पूरे विश्व में देने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वस्थता और स्वच्छता दोनों एक दूसरे के पहलू हैं, जहां स्वच्छता होगी वहीं स्वस्थता होगी। निशंक ने कहा कि गंदगी चाहे विचारों की हो या कूड़े की दोनों ही समाज के लिए हानिकारक है। इन सबको दूर करने के लिए हमारा यह प्रयास निरतंर जारी रहेगा। निशंक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के बाद करोड़ों लोग इस अभियान में जुड़े चुके हैं। इस दौरान एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल, नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती, एसडीएम अजयबीर, एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार, भाजपा के जिलाध्यक्ष संदीप गोयल, श्रीगंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम, महामंत्री तन्मय वशिष्ठ, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनामिका शर्मा, उज्ज्वल पंडित, भाजपा के जिला महामंत्री आशुतोष शर्मा, उपाध्यक्ष लव शर्मा आदि मौजूद रहे।

## महिला को समोहित कर सोने के कुंडल लूटे

रुड़की। रामनगर में शनिवार शाम दो अज्ञात ठगों ने गंगाजल का प्रसाद पिलाकर लगभग दो तोले के सोने के कुंडल एवं बारह सौ रुपये लूट कर फरार हो गए। इस संबंध में कोतवाली गंगनहर में तहरीर दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रामनगर निवासी पत्रकार और लेखक शशि कुमार सैनी ने बताया कि उनकी पत्नी गीता सैनी बीती शाम करीब साढ़े छह बजे अपने घर से सामान लेने रामनगर शिव चौक गई थी।

# सड़क दुर्घटना में कार चालक की मौत

रुड़की। हरिद्वार से दिल्ली लौट रही एक तेज रफ्तार कार चालक ने हाइवे पर चलते हुए नियंत्रण खो दिया। जिसके चलते सड़क पर खड़ी एक ट्राली से कार जा टकराई। दुर्घटना में कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार में बैठे करीब आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए चिकित्सालय भिजवाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया है। रविवार को नेशनल हाईवे पर यातायात का दबाव अधिक रहा। वीकेंड होने पर दिल्ली की ओर से भारी संख्या में वाहनों का देवभूमि में प्रवेश देखा गया। इसके साथ ही हरिद्वार से भी लोग दिल्ली की ओर लौट रहे हैं। इसमें पिरान कलियर शरीफ में संपन्न हुए उर्स में शामिल होने आए लोगों की संख्या भी काफी हद तक अधिक है। रविवार को हरिद्वार से दिल्ली लौट रही एक कार में सवार करीब सात लोग शामिल थे। जैसे ही यह कार मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के गांव मंडावली के निकट पहुंची तभी वहां पर खड़ी एक ट्रैक्टर ट्रॉली से कर जा टकराई। दुर्घटना की सूचना पर नारसन चौकी प्रभारी नवीन चौहान तथा मंगलौर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार से सभी घायलों को बाहर निकाला। जिसमें चालक की मौके पर ही मौत हो गई थी।

सभी घायलों को पुलिस ने 108 सेवा के माध्यम से रुड़की के राजकीय संयुक्त चिकित्सालय में भिजवाया।

## पुरानी पेंशन बहाली को किया प्रदर्शन, मनाया काला दिवस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा द्वारा नई पेंशन व्यवस्था के विरोध में काला दिवस मनाया गया। इस दौरान जल्द ही पुरानी पेंशन बहाली करने की मांग के लिए एनपीएस की प्रतियां जलाई गई। उन्होंने कहा कि जल्द ही पुरानी पेंशन बहाल नहीं होने पर लोकसभा चुनाव में सरकार को नतीजे भुगतने होंगे।

रविवार को अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत मोर्चा ने डीएम कार्यालय के बाहर हेमवती नंदन बहुगुणा की मूर्ति स्थल पर पुरानी पेंशन बहाली के लिए जोरदार नारेबाजी की। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जयदीप रावत ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाल नहीं होने से कर्मचारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जल्द ही पेंशन बहाल नहीं होने पर लोकसभा चुनाव में सरकार को नतीजे भुगतने होंगे।जिला अध्यक्ष भवान सिंह नेगी ने कहा कि उत्तराखंड में 1 अक्टूबर 2005 से नई पेंशन व्यवस्था लागू होने के विरोध में 1 अक्टूबर को काला दिवस मनाया गया है और एनपीएस की प्रतियां जलाई गई है। मोर्चा के मण्डल संरक्षक जसपाल सिंह रावत ने कहा कि अपने बुढ़ापे के सहारे के लिए सभी कर्मचारियों से एकजुट होना होगा। मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता डा. कमलेश कुमार मिश्रा ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी यह जायज मांग पूरी नहीं की जाती है तो कर्मचारी वोट के माध्यम से अपना फैसला सुनाएंगे। इस अवसर पर मनोज काला, मनोज डंडरियाल, प्रेम चंद ध्यानी, नरेन्द्र रावत, लक्ष्मण, वीपी डोभाल, शैलेंद्र, दीपक नेगी आदि शामिल थे।

## बास्केटबॉल में डीपीएस और आचार्य कुलम बने चैंपियन

हरिद्वार। जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव संजय चौहान ने बताया कि अंडर 18 जिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप का फाइनल मैच डीपीएस रानीपुर और सेंट मैरी स्कूल के बीच खेला गया। दोनों के बीच हुए कड़े मुकाबले के बाद डीपीएस रानीपुर ट्रॉफी जीतकर डिस्ट्रिक्ट चैंपियन बना। बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला आचार्य कुलम और केंद्रीय विद्यालय के बीच खेला गया। कड़े मुकाबले के बाद आचार्य कुलम ने जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर अपना कब्जा किया। डीपीएस रानीपुर और सेंट मैरी स्कूल के बीच खेले गए मुकाबले के परिणाम 56–45 रहा। जबकि बालिका वर्ग का फाइनल आचार्य कुलम और केंद्रीय विद्यालय के बीच खेला गया। मुकाबले का परिणाम 45–25 रहा। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बास्केटबॉल एसोसिएशन उत्तराखंड के चैयरमैन संजय चतुर्वेदी और डीपीएस के उपप्रधानाचार्य परविंदर ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया। मुख्य अतिथि संजय चतुर्वेदी ने कहा कि खेलने से शारीरिक विकास और मानसिक शक्ति बढ़ती है। सभी को अपने जीवन में कोई ना कोई खेल खेलते रहना चाहिए। डीपीएस रानीपुर के उप प्रधानाचार्य परविंदर सिंह ने कहा कि आने वाले समय में बास्केटबॉल में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हरिद्वार के खिलाड़ी अपना परचम लहराएंगे।

# पुण्यतिथि पर पेशावर कांड के महानायक को किया याद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** पेशावर कांड के महानायक वीर चंद्र सिंह गढ़वाली की 44 वीं पुण्य तिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी व महानगर कांग्रेस कमेटी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सदस्यों ने बेहतर समाज निर्माण के लिए गढ़वाली के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

**जिला कांग्रेस कमेटी व महानगर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि**


वीर चंद्र सिंह गढ़वाली को श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेसी

जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदस्यों ने गढ़वाली की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर पूर्व राज्य मंत्री बलवीर सिंह रावत, वीरेंद्र सिंह रावत, विनोद सिंह, नईम अहमद, कृपाल सिंह नेगी, अमित राज सिंह, विजय नेगी, अनिल रतूड़ी, राजा आर्य, जावेद, धर्मपाल नेगी, पुष्पेंद्र सिंह नेगी, संदीप सिंह रावत, भारत सिंह रावत, नरेंद्र सिंह नेगी आदि मौजूद रहे। वहीं, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय मित्तल के नेतृत्व में तहसील परिसर स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली की प्रतिमा के समक्ष एकत्रित हुए।

तत्पश्चात उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पेशावर में देश की आजादी के लिए लड़ रहे निहत्थे पठानों पर गोली चलाने से मना करने से उन्होंने अप्रतिम साहस का परिचय दिया था। इसके बाद से उन्हें चंद्र सिंह गढ़वाली नाम मिला। वक्ताओं ने उनके जीवनवृत्त पर प्रकाश डालते हुए उनके नाम पर चलाई जा रही योजनाओं पर भी विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत, विजय माहेश्वरी, प्रवीन रावत, सुधा असवाल, मीना बछवाण, विनीता भारती, शहनाज शम्सी, सुनील सेमवाल, राकेश शर्मा, रजनीश उप्पल, धीरेंद्र सिंह बिष्ट और बाबी बिष्ट सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पांच दिन से पानी को तरस रहे गिवईस्रोत व कालाबड़वासी, सिस्टम लापरवाह

### लोगों की लाख शिकायत के बाद भी गंभीरता नहीं दिखा रहा जल संस्थान


कोटद्वार के गिवईस्रोत मोहल्ले में पानी की तलाश में भटकते वार्डवासी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** गिवईस्रोत व कालाबड़वासी पिछले पांच दिन से पानी को तरस रहे हैं। घरों में पेयजल आपूर्ति ठप होने से वार्डवासियों का पूरा दिन केवल पानी की तलाश में ही बीत रहा है। लाख शिकायत के बाद भी जल संस्थान समस्या को लेकर लापरवाह बना हुआ है। ऐसे में वार्डवासियों ने जल्द समस्या का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

कालाबड़ व गिवईस्रोत के करीब एक हजार परिवारों को जलसंस्थान के नलकूप से पेयजल उपलब्ध करवाया जाता है। लेकिन, पिछले पांच दिन से वार्ड में पेयजल समस्या बनी हुई है। वार्डवासी सुनील बड़ोला, दीपक थपलियाल, मनोरमा देवी, सुनीता देवी ने बताया कि जर्जर पेयजल लाइनों से पानी लीक होकर सड़कों पर बह रहा है। जिसके कारण वार्ड में पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। कुछ घरों में पानी का प्रेशर बहुत कम है जबकि, अधिकांश घरों में तो पानी पहुंच ही नहीं रहा। दशकों पुरानी जर्जर पेयजल लाइनों को बदलने के लिए कई बार विभाग व जनप्रतिनिधियों से शिकायत कर चुके हैं। लेकिन, अब तक कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर झांकने तक नहीं पहुंचा। पेयजल आपूर्ति ठप होने से दिनचार्या भी प्रभावित होने लगी है। वार्डवासियों का पूरा दिन केवल पानी की तलाश में ही बीत रहा है।

## ढौरखोली व पीपलधार का आयुष्मान ग्राम के लिए हुआ चयन

**पौड़ीः** आयुष्मान भव अभियान के तहत जिले के अलग–अलग स्थान पर साप्ताहिक स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिले में 144 हैल्थ एंड वैलनेश सेंटर के साथ ही 49 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से 1832 लोगों की ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, ओरल कैंसर जांच, टी.बी. हाइपरटेंशन, डेगूं, मलेरिया, कुष्ठ रोग आदि की जांच के साथ ही दवाइयों का वितरण किया गया।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रमेश कुंवर ने बताया कि हेल्थ मेले के दौरान लाभार्थियों की आभा आईडी व आयुष्मान कार्ड बनाए गए। आयुष्मान भव अभियान के तहत शत–प्रतिशत लोगों की आभा आईडी बनाने के लिए जिले जनपद स्तर से ग्राम पंचायत स्तर तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जनपद में तैनात समस्त एएनएम, आशा कार्यकर्ती, आरबीएसके टीम, और सीएचओ द्वारा लोगों का आभा पोर्टल पर पंजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित 5 इन्डिकेटर को पूरा कर पाबौ से ग्राम ढौरखोली व पीपलधार का आयुष्मान ग्राम के लिए चयन किया गया है। बताया कि साप्ताहिक स्वास्थ्य मेलों के माध्यम से जिले में लोगों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के साथ ही शत–प्रतिशत आयुष्मान कार्ड आभा व आईडी बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# अभियान चलाकर दिया स्वच्छ व स्वस्थ समाज का संदेश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया और आम जन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए रैलियां निकाली गई।

आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडाउन के समस्त छात्र–छात्राओं ने विद्यालय प्रांगण में सफाई अभियान चलाया। प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल ने कहा कि स्वच्छता हमारी नियमित दिनचर्या का अभिन्न अंग होना चाहिए। राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार के विद्यार्थियों ने रेलवे स्टेशन में स्वच्छता अभियान चलाते हुए यात्रियों को साफ-सफाई का संदेश दिया। कोटद्वार के डीएवी स्कूल के छात्रों की ओर से शहर में



कोटद्वार रेलवे स्टेशन में स्वच्छता अभियान चलाते विद्यार्थी

स्वच्छता रैली निकाली गई और सफाई अभियान चलाया गया। शांतिबल्लभ मेमोरियल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर, बेबनी मोहल्ला और बिष्ट कालोनी तक स्वच्छता अभियान चलाया। रोहित अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर की साफ सफाई की। डा. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल राजकीय महाविद्यालय व भाबर स्थित राजकीय महाविद्यालय में एन सी सी कैडेट, एन एस एस व रोवर्स व रेंजर्स ने स्वच्छता अभियान चलाया। आरसीडी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने भी क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया। वहीं, राजकीय महाविद्यालय सतपुली में स्वच्छता पखवाडे के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें राजकीय महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर अवधेश उपाध्याय एवं स्वच्छता समिति के संयोजक डॉक्टर विपिन चंद्र एवं डॉक्टर किशोरी लाल शाह के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम किया गया। वहीं स्वच्छता अभियान के तहत राजकीय महाविद्यालय के छात्राओं ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. दीप्ति माहेश्वरी, डॉ. वीर सिंह, डॉ. ऐश्वर्या राणा, डा. शूरवीर सिंह आदि सफाई अभियान में मौजूद रहे।

# विकासखंड मुख्यालय व तहसील मुख्यालय में चलाया स्वच्छता अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर विकासखंड मुख्यालय व तहसील मुख्यालय सहित क्षेत्र के अनेक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। विकास खंड मुख्यालय नैनीडांडा व तहसील मुख्यालय धुमाकोट में स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई की गई। सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, सड़क आदि से विभिन्न प्रकार का कूड़ा, पालीथिन, पन्नी आदि को एकत्र कर कूड़ाघरों में डाला गया। स्वच्छता अभियान में खंड विकास अधिकारी प्रमोद पांडे, तहसीलदार विकास अवस्थी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी राकेश चौधरी, रेवा ध्यानी, जयदीप रावत, सुनील नयाल आदि ने भाग लिया। वहीं, न्याय पंचायत थलीसैंण में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया।



थलीसैंण में स्वच्छता अभियान चलाते अधिकारी व ग्रामीण

अभियान में सौ से अधिक महिलाओं व पुरुषों ने प्रतिभाग किया। अभियान में खण्ड विकास अधिकारी थलीसैंण टीकाराम कोटियाल ने लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने प्लास्टिक का उपयोग न करने की भी अपील की। स्वच्छता सेवा मिशन के ब्रांड एम्बेस्डर डॉ0 सत्येन्द्र सेमवाल द्वारा भी सभी महिलाओं व पुरूषों को गीला व सूखा कूडा अलग करने के लिए तथा पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर तहसीलदार थलीसैंण अनन्द पाल जी, राजस्व उपनिरीक्षक भीम सिंह असवाल, नगर पंचायत थलीसैंण के अधिशासी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह रावत, वन विभाग से सुचि रावत आदि मौजूद रहे।

# पुरानी पेंशन को शिक्षक संघ ने किया दिल्ली कूच



दिल्ली में प्रदर्शन करते शिक्षक संघ के सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** पुरानी पेंशन बहाली को लेकर माध्यमिक शिक्षक संघ पौड़ी के शिक्षकों ने दिल्ली रामलीला मैदान में प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने जल्द पुरानी पेंशन बहाली नहीं होने पर आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी है।


जिलाध्यक्ष महावीर बिष्ट ने बताया कि शिक्षक व अन्य सरकारी कर्मचारी, अधिकारी पिछले कई वर्षों से पुरानी पेंशन बहाली की मांग उठा रहे हैं। लेकिन, अब तक उनकी मांग को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई गई है। एक तरफ जनप्रतिनिधि खुद चार–पांच पेंशन ले रहे हैं। वहीं सरकारी कर्मचारी व अधिकारियों को साठ साल तक नौकरी करने के बाद भी पेंशन नहीं मिल रही। यदि सरकार जल्द ही पुरानी पेंशन लागू नहीं करती तो कर्मचारी व अधिकारियों को परिवार सहित आंदोलन में कूदना पड़ेगा। कहा कि सरकारी कर्मचारी व अधिकारियों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर कैलाश अंडोला, प्रकाश कालाकोटी, विजय नौडियाल, स्वतंत्र मिश्रा, अजय बिष्ट, नकुल रावत, सुरेन्द्र रावत, लक्ष्मण कोरंगा, विजय मिश्रा, सोहन लाल, दीपक नेगी, संदीप रावत, अभिषेक बलोदी आदि मौजूद रहे।

# अंशिका गौड़ व आदित्य नेगी दौड़े सबसे तेज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार।** अभ्युदय परिवार शाखा जयहरीखाल की ओर से स्वच्छता अभियान के उपरांत खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता के अव्वल खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

आयोजित खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य संयोजिका भावना वर्मा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने की सीख दी। इस दौरान सौ मीटर दौड़ बालिका वर्ग में अंशिका गौड़, आराध्या


आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी

कुकरेती, अनुश्रीया, सौ मीटर बालक वर्ग में आदित्य नेगी, आयुष डोबरियाल, प्रीत, 200 मीटर बालिका में सिमरन, आकृति अंशुका, 200 मीटर बालक में आदित्य, प्रीत, आयुष प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। लंबी कूद बालिका प्रथम जिया डोबरियाल द्वितीय अंशिका गौड तृतीय आराध्या, लंबी कूद बालक प्रथम आयुष, द्वितीय रोहन, तृतीय आयुष 50 मीटर रेस प्रथम जानवी, द्वितीय दीप्ति, तृतीय अवनी रही। कबड्डी में बालिका वर्ग में सृष्टि डोबरियाल की टीम ने बाजी मारी बालक वर्ग में मानस की टीम ने बाजी मारी। इस मौके पर सुमन बहुगुणा, सोनिया डोबरियाल, ममता शर्मा, अनीता रावत, रंजना असवाल,चन्द्रकान्ता बौठियाल, सविता रावत, सूचि नेगी, लक्ष्मी थापा, संपत्ति, ऊषा,नीलम आदि मौजूद रहे।

# न्यायालय परिसर में किया पौध रोपण, चलाया स्वच्छता अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** सिम्मलचौड़ स्थित कोर्ट परिसर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत वृक्षारोपण एवं सफाई अभियान कार्यक्रम चलाया गया। सभी अधिवक्ताओं व न्यायालय स्टाफ द्वारा कोर्ट परिसर में सफाई अभियान चलाने के साथ ही वृक्षारोपण किया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए हमें अपने आसपास सफाई अभियान चलाते रहना चाहिए तथा समय–समय पर वृक्षारोपण भी करना चाहिए, जिससे पर्यावरण संतुलन बनने के साथ ही सभी को जीवनदायनी ऑक्सीजन मिल सके। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीना नेगी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिता गुंज्याल, बार संघ अध्यक्ष अजय कुमार पंत , एडवोकेट सागर बिष्ट, अधिवक्ता प्रवेश रावत अविरल पंत, इंद्र कुमार, हरीश ,धर्मेंद्र सिंह, राम कुमार आदि उपस्थित रहे।


न्यायालय परिसर में पौध रोपण करते जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीना नेगी, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिता गुंज्याल व अन्य।

# सेवा पखवाड़े के तहत चलाया गया स्वच्छता अभियान



काशीपुर। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत नगर निगम व अन्य संस्थाओं ने शहर में स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया गया। रविवार को अभियान मेयर ऊषा चौधरी व मुख्य नगर आयुक्त विवेक राय के नेतृत्व में चलाया गया। इस दौरान सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाकर लोगों को जागरूक भी किया गया। इस दौरान स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत नगर निगम ने पंत पार्क, मेन बाजार आदि स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाने के साथ ही लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। स्वच्छता अभियान में सहायक नगर आयुक्त यशवीर सिंह राठी, गुरविंदर सिंह चंडोक आदि शामिल रहे। उधर, कोतवाली परिसर में एएसपी अभय सिंह के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। यहां एसएसआई मिश्रा, होमगार्ड कमांडर दिनेश चौहान तथा समस्त चौकी प्रभारी शामिल रहे। वहीं लिटिल स्कॉलर्स के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए स्वच्छजलि कार्यक्रम मनाया गया। जहा गिरिताल के प्रारंभ से स्वच्छता रैली निकाली गई। जिसका उद्घाटन प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी प्रियंका चौधरी द्वारा किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या शिखा गौतम के निर्देशानुसार कार्यक्रम का सफाई क्षेत्र गिरीताल निश्चित किया गया।

## तहसील में बुजुर्गों को सम्मानित किया

रुद्रपुर। अंतराष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस पर तहसील में 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को सम्मानित किया गया।

रविवार को तहसील में आयोजित कार्यक्रम में तहसीलदार हिमांशु जोशी और नायब तहसीलदार नरेंद्र गहतोड़ी, बीएलओ कोऑर्डिनेटर फारुख सिद्दीकी ने गंगा देवी, मोहम्मद शाहिद, किशोरी बेगम, हीरा देवी सहित कई बुजुर्गों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त बीएलओ ने भी अपने क्षेत्र के बुजुर्ग मतदाताओं को सम्मानित किया। इस दौरान सुपरवाइजर सुरेंद्र वर्मा, बूथ लेवल ऑफिसर शमा, पुष्पा मेहता, विद्यावती उपस्थित रहे।



## भीम कुमार का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

बागेश्वर। कांग्रेस पार्टी कार्यालय में भीम कुमार को प्रदेश प्रवक्ता बनने पर यहां कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वक्ताओं ने कहा कि भीम को प्रदेश में जिम्मेदारी मिलने से संगठन पहले से अधिक मजबूत होगा। इस मौके पर गीता रावल, कवि जोशी, गैरव परीहार, नवल टम्टा, ओम प्रकाश, संजय कुमार, ललित गोस्वामी, कमलेश गड़यिा, प्रकाश बाछमी ,लक्ष्मी धर्मसक्तू आदि मौजूद रहे।

# टनकपुर पावर स्टेशन में हिंदी पखवाड़े का हुआ समापन

चम्पावत। टनकपुर पावर स्टेशन एनएचपीसी में रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण के साथ हिंदी पखवाड़े का समापन हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ टनकपुर पावर स्टेशन के प्रभारी महाप्रबंधक रजील व्यास ने किया। इस मौके पर उन्होंने कार्यक्रम मैं मौजूद सभी अधिकारियों कर्मचारियों से राजभाषा हिंदी में कार्य करने और बोलने का आह्वान किया। इससे हिंदी का प्रचार प्रसार हो सके। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय विद्यालय नंबर 2 एनएचपीसी कि छात्राओं द्वारा रंगारंग कुमाऊनी गढ़वाली, हिंदी गीतों में नृत्य कर मौजूद लोगों का मन मोह लिया। हिंदी पखवाड़े के दौरान पावर स्टेशन के अधिकारियों कर्मचारियों के बीच हुई वाक्यांश प्रतियोगिता में अखिला नंद उप्रेती प्रथम, सुरेश कुमार द्वितीय, सुभाष चंद्र उपाध्याय तीसरे स्थान पर रहे।

शब्दावली व हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता में विजय कुमार सिंह प्रथम, आलोक पाठक द्वितीय और डीएस राव तृतीय स्थान पर रहे। हिंदी कार्यशाला में ललित कुमार प्रथम, अमित व्यास द्वितीय और अजय कुमार तृतीय स्थान पर रहे। महिलाओं के लिए हुई कविता पाठ प्रतियोगिता में संगीता व्यास प्रथम, मोनिका पुरुषार्थ द्वितीय और अनुराधा राव, प्रीति जैन तृतीय स्थान पर रही।

छात्रों के लिए हुई भाषण प्रतियोगिता में अंकित सिंह प्रथम, नेहल ध्रुव द्वितीय और अंकुर सिंह तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को पावर स्टेशन प्रमुख रजील व्यास और संगीता व्यास ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में डी एस राव, रजब हुसैन, संजय कुमार जैन, उत्कर्ष श्रीवास्तव, सुदर्शन कुमार, पीयूष कुलश्रेठ, भूपेंदर प्रसाद आदि तमाम अधिकारी कर्मचारी उस्थित रहे।

## बूथ सशक्तिकरण को लेकर की बैठक

रुद्रपुर। भाजपा झनकट मडंल के बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गयी। इसमें आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए कई मुद्दों पर चर्चा की गई।

प्रत्येक बूथ पर 11 कार्यकर्ताओं की समिति व पन्ना प्रमुख के सत्यापन पर चर्चा की। झनकट मडंल के 17 शक्ति केंद्र में 72 बूथ आते हैं। इस दौरान मडंल अध्यक्ष विमला बिष्ट, भुवन जोशी, किशोर जोशी, अंजू देवी, प्रकाश शर्मा, हरेंद्र राणा, हरीश वर्मा, महेश राणा, राजनाथ मौर्य, अनिता ज्याला, ममता शर्मा आदि रहे।

# पाटी में विभिन्न विभागों की ओर से चलाया सफाई अभियान



चम्पावत। पाटी में विभिन्न विभागों की ओर से महात्मा गांधी के जन्मदिन के एक दिन पूर्व सफाई अभियान चलाया। इस दौरान पाटी अस्पताल, ब्लाक कार्यालय, पाटी बाजार, तहसील कार्यालय आदि जगहों पर विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने झाड़ी कटान के साथ ही कूड़ा निस्तारण किया गया। वहीं पाटी अस्पताल में ग्राम पंचायत जौलाड़ी की ओर से कूड़ादान लगाया गया। इस दौरान सहायक खंड विकास अधिकारी जगदीश सिंह कार्की, बीएमएम रमेश पाटनी, ग्राम विकास अधिकारी जीवन गिरी, फार्मेसिस्ट प्रकाश सिंह खड़ायत, रंजीत मेहता, राजू पनेरु, विकास थ्वाल, विमलेश गहतोड़ी, विपिन कुमार, प्रकाश राम आदि लोग मौजूद रहे।

# कॉर्बेट नेशनल पार्क की नई वेबसाइट बनकर तैयार, सफारी बुक करना हुआ आसान



रामनगर। जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में सफारी बुक करने के लिए रविवार से नई वेबसाइट लांच हो जाएगी। कॉर्बेट पार्क की बुकिंग वेबसाइट को भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय सूचना केंद्र (एनआइसी) संचालित करती थी। कुछ वर्षों से वेबसाइट संचालन में तकनीकी दिक्कतें अधिक आ रही थी। सीटीआर निदेशक धीरज पांडे ने एनआइसी के संचालन से वेबसाइट को हटाकर मध्यप्रदेश के पार्क में बुकिंग का काम संभाल रही जिपर कंपनी को वेबसाइट के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी। अधिकारियों के मुताबिक पुरानी वेबसाइट में बुकिंग करने पर अपनी यूजर आईडी व पासवर्ड जरूरी था। तभी बुकिंग की पूरी प्रक्रिया हो पाती थी। तकनीकी दिक्कत से कोई प्रक्रिया आधे में फेल हो गई तो नए सिरे से प्रक्रिया दोहरानी पड़ती थी।

नई वेबसाइट में अब यह समस्या नहीं होगी। पर्यटक अपना मोबाइल नंबर डालेगा तो ओटीपी मिलेगी। ओटीपी डालकर वेबसाइट खोल सकता है। नाइट स्टे, डे विजिट, कैंटर आदि बुकिंग की अलग–अलग विंडो बनी है।

नाइट स्टे का कक्ष बुक करने पर विश्राम गृह की नाम सहित फोटो भी बुकिंग परमिट में आएगी। विश्राम गृह की भी दूरी की जानकारी दी गई है।

## कच्ची शराब के साथ एक दबोचा

काशीपुर। कुंडा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 53 पाउच कच्ची शराब बरामद की है।

पुलिस ने आरोपी का आबकारी अधिनियम में चालान किया है। कुंडा थाने में तैनात एसआई मनोहर चंद्र, कांस्टेबल हरीश प्रसाद व त्रिलोक सिंह ने शांति व्यवस्था को लेकर चेकिंग अभियान के दौरान लवप्रीत सिंह उर्फ जंडू पुत्र बूटा सिंह निवासी भोगपुर डाम, थाना जसपुर को सैनी ढाबे के पास से गिरफ्तार किया है।

# रहे सतर्क ! उत्तराखंड में अभी टला नहीं है डेंगू का खतरा, बचाव के लिए बरतें ये सावधानियां



देहरादून। उत्तराखंड में डेंगू का प्रकोप लगातार बरकरार है। डेंगू की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन निरंतर प्रयास कर रहा है। जिलाधिकारी सोनिका के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजी शरण शर्मा ने अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें अपने–अपने क्षेत्रों में मुस्तैदी के साथ काम करने के निर्देश दिए। शनिवार को अधिकारियों की बैठक लेते हुए अपर जिलाधिकारी रामजी शरण शर्मा ने कहा कि मौसम अभी भी डेंगू के अनुकूल है। खतरा अभी टला नहीं है। लिहाजा, जिन अधिकारियों को जो वार्ड आवंटित किए गए हैं, वहां मुस्तैदी के साथ काम करते रहें। डेंगू का प्रसार रोकने के लिए जनता को जागरूक करने के साथ ही फॉगिंग नियमित की जाए।डेंगू की रोकथाम के कार्यों में किसी तरह तरह की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी या कर्मचारी पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा संजय जैन, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा अविनाश खन्ना, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा विद्याधर कापड़ी, सहायक निदेशक सूचना बीसी नेगी आदि उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत कार्यालय का विधायक अरविंद पांडे ने किया लोकार्पण



रुद्रपुर। विधायक अरविंद पांडे और नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता दुबे ने नगर पंचायत गूलरभोज के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। भवन का निर्माण आरईएस की ओर से एक करोड़ की लागत से किया गया। रविवार को नगर पंचायत परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक अरविंद पांडे ने कहा कि गूलरभोज नगर को हाईटेक बनाने के लिए एसएस योजना के तहत 18 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए हैं। रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म के उच्चीकरण को मंजूरी के साथ ही लॉंग रूट की एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से सड़क के चौड़ीकरण, नाली निर्माण और सौंदर्यीकरण के लिए सहयोग की अपील की। यहां दुग्ध संघ अध्यक्ष तिलकराज गंभीर, नगर अध्यक्ष तरुण दुबे, अतुल पांडे, सभासद संजीव भटेजा, सतीश चुघ, रमेश सागर, योगेश पानू, गुरमेल सिंह, डॉ. कुलदीप रघुवंशी, नंदन सिंह कोश्यारी, राजेश कुमार, मनविंदर पांडे, पूनम आर्य, उषा रानी, निर्मला देवी, इंदिरा गड़िया, दीपा चुफाल आदि मौजूद रहे।

## बहला फुस्लाकर नाबालिग को युवक और उसकी मौसी ले गए

काशीपुर। कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर एक युवक और उसकी मौसी पर नाबालिग पुत्री को बहलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी युवक और उसकी मौसी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्रभु विहार कॉलोनी निवासी एक महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री 26 सितंबर को स्कूल जाने के लिए कहकर घर से निकली थी। आरोप है कि रास्ते में कचनालगाजी निवासी अजीत पुत्र बलदेव सिंह उसे बहलाकर अपने साथ कहीं ले गया है। उसकी पुत्री को ले जाने में अजीत की मौसी राजवीर कौर भी शामिल है। 28 सितंबर की शाम आरोपी महिला उसके घर आई और बोली कि वह तेरी लड़की को ला देगी,

# जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई सड़कें बनी मुसीबत



रुद्रपुर। जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई सड़के लोगो के लिए मुसीबत बन चुकी है।अभी तक पाइप लाइन से घरों में कनेक्शन नहीं दिए जाने से लोगो में आक्रोश व्याप्त है ।

कनेक्शन नही जोड़ने के चलते नगरपालिका और लोक निर्माण विभाग सड़क मरम्मत का कार्य नही करवा पा रहा है। जबकि कार्यदाई संस्थाओं को सड़क मरम्मत ,सड़क निर्माण के लिए जल जीवन मिशन योजना में बजट आवंटित हो चुका है। नगरपालिका को जहा शहरी छेत्र में पांच करोड़ से अधिक वही लोक निर्माण विभाग को दो करोड़ से अधिक का भुगतान मिल चुका है। बावजूद इसके सड़क मरम्मत का कार्य शुरू नही हो सका है। इसकी मुख्य वजह जल जीवन मिशन के तहत विभाग ने अभी तक पानी के कनेक्शन लोगो को नहीं दिए है और न ही अभी तक टेस्टिंग का काम पूरा हुआ है।

बिना टेस्टिंग और कनेक्शन दिए सड़क निर्माण नही किया जा सकता अगर ऐसा किया गया तो जगह जगह लीकेज और लीकेज की वजह से सड़क टूटने की वजह बनेगी । वही अगर सड़क बना भी दी गई तो जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन देने के लिए सड़के तोड़ कर कनेक्शन देना पड़ेगा। अब लोगो को जल्द सड़क नही बनने पर चुनाव की आचार सहिता लगने का डर भी सताने लगा है।

# महर्षि विद्या मंदिर के बच्चों को दी साइबर क्राइम की जानकारी




बागेश्वर। एंटी ह्यूमन ट्रेफिकिंग यूनिट तथा महिला हेल्पलाइन ने महर्षि विद्या मंदिर बिलोना में जागरूकता अभियान चलाया। एसआई मीना रावत व निरीक्षक टीआर बगरेठा कानून के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। महिलाओं एवं बच्चों की मानव तस्करी, उत्पीड़न, जबरन मजदूरी, जबरन विवाह कराना, बाल श्रम, भिक्षा वृत्ति, वैश्यावृत्ति आदि अन्य अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साइबर क्राइम से बचने के तरीके बताए। शादी व नौकरी आदि के नाम पर किसी भी व्यक्ति के झांसे में ना आएं तथा इसकी पूरी जांच पड़ताल कर लें। युवा व स्कूली बच्चे किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए जाने वाले प्रलोभनों में ना आएं। उन्हें उत्तराखंड पुलिस एप के बारे में भी बताया।

## पाटी में विभिन्न विभागों की ओर से चलाया सफाई अभियान

चम्पावत। पाटी में विभिन्न विभागों की ओर से महात्मा गांधी के जन्मदिन के एक दिन पूर्व सफाई अभियान चलाया।

इस दौरान पाटी अस्पताल, ब्लाक कार्यालय, पाटी बाजार, तहसील कार्यालय आदि जगहों पर विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने झाड़ी कटान के साथ ही कूड़ा निस्तारण किया गया। वहीं पाटी अस्पताल में ग्राम पंचायत जौलाड़ी की ओर से कूड़ादान लगाया गया। इस दौरान सहायक खंड विकास अधिकारी जगदीश सिंह कार्की, बीएमएम रमेश पाटनी, ग्राम विकास अधिकारी जीवन गिरी, फार्मेसिस्ट प्रकाश सिंह खड़ायत, रंजीत मेहता, राजू पनेरु, विकास थ्वाल, विमलेश गहतोड़ी, विपिन कुमार, प्रकाश राम आदि लोग मौजूद रहे।

# सांसद टम्टा व विधायक गड़िया आदि कैलाश यात्रा पर निकले



बागेश्वर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित कार्यक्रम के तहत सांसद अजय टम्टा व कपकोट विधायक सुरेश गड़यिा आदि कैलाश यात्रा पर निकले। पीएम की संभावित यात्रा से पहले उन्होंने मार्ग का न सिर्फ स्थलीय निरीक्षण किया बल्कि जौलिंगकोंग में शिव व पार्वती मंदिर और पार्वती सरोवर के दर्शन भी किए। यहां पूजा–अर्चना के साथ देश की सुख–समृद्धि की कामना की। विधायक गड़यिा ने कहा कि उत्तराखंड के हर स्थल की अपनी पहचान है। देवभूमि में कहीं भी चले जाएं हर जगह प्रकृति सुकून और आनंद देती है। प्रदेश सरकार भी धार्मिक तीर्थाटन को बढ़ावा देने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले ही कहा है कि आने वाला दशक उत्तराखंड का होगा। इन दस सालों में हमारा राज्य देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो जाएगा। गड़यिा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आदि कैलाश का कार्यक्रम लगभग तय है। इसी यात्रा से ही प्रदेश के विकास का भी श्रीगणेश हो जाएगा।

# टिहरी के विभिन्न कस्बों में लोगों ने स्वच्छता अभियान चलाया






नई टिहरी। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के टिहरी जिले के विभिन्न कस्बों में विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक भी किया गया। रविवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत नगरपालिका नरेन्द्रनगर में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल ने सामुदायिक भवन नगर के लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। जिसके बाद कैबिनेट मंत्री और नगरपालिकाध्यक्ष राजेंद्र विक्रम सिंह पंवार के नेतृत्व में नगर के विभिन्न वार्डों में सफाई अभियान चलाया गया। नगर पालिका चंबा में अध्यक्ष सुमना रमोला,नपं गजा में मीना खाती, नपं घनसाली में शंकरपाल सजवाण, नपं चमियाला में ममता पंवार, नपं लंबगांव में भरोषी देवी रागड़ के नेतृत्व विभिन्न जगहों पर कर्मचारियों और लोगों ने स्वच्छता अभियान चलाया। इसके अलावा कॉलेजों,स्कूलों और विभिन्न संगठनों ने अपने अपने कस्बों में स्वच्छता अभियान चलाया। लंबगांव नौघर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. योगेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में एनएसएस इकाई ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही विभिन्न जगह जगह रैलियों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। मौके पर ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र भंडारी, एसडीएम देवेंद्र नेगी, ब्लॉक प्रमुख बसुमति घणाता, ब्लॉक प्रमुख सुनीता देवी, शिवानी बिष्ट, डॉ.शुभम उनियाल, रेंजर विवेक जोशी,राजेंद्र खाती, जगजीत नेगी, देवी सिंह पंवार, विनोद चौहान, रतन सिंह रावत, दिनेश प्रसाद उनियाल, दिलबीर रावत, गजे सिंह नेगी,युद्धवीर राणा, कैलाश चंद्र सेमवाल, सौरभ रावत सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# जीयर मठ के प्रमुख को तीर्थ पुरोहितों का विरोध झेलना पड़ा

नई टिहरी। देवप्रयाग तीर्थ स्थित प्राचीन रघुनाथ मन्दिर में दक्षिण भारत के जीयर मठ के प्रमुख स्वामी चिन्ना रामानुज को रघुनाथ मंदिर के पुजारी और तीर्थपुरोहितों का विरोध झेलना पड़ा। जीयर स्वामी भगवान रघुनाथ को मूर्ति स्पर्श करने का दबाव बना रहे थे। प्राचीन रघुनाथ मंदिर के पुजारी समीर पंचपुरी ने बताया कि प्राचीन काल से आ रही परंपराओं और टिहरी रियासत काल में बने नियमों के मुताबिक कोई भी मंदिर के गर्भ गृह में नहीं जा सकता है,और न ही भगवान रघुनाथ की मूर्ति को स्पर्श कर सकता है। मंदिर के पुजारी द्वारा दक्षिण भारत जीयर मठ के प्रमुख स्वामी चिन्ना रामानुज को मंदिर के गर्भ गृह में जाने से रोकने पर स्वामी के शिष्यों ने स्वामी के प्रोटोकॉल की बात पुजारी के सामने रखी। जिसके बाद श्री रघुनाथ मन्दिर समिति अध्यक्ष कृष्ण कांत कोटियाल को मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा। अध्यक्ष ने कहा कि पुरातन समय से भगवान श्री रघुनाथ की मूर्ति को मंदिर के पुजारी के अलावा कोई दूसरे को स्पर्श नहीं कर सकता है। बताया कि बदरीनाथ धाम तीर्थ पुरोहित समाज के आराध्य भगवान रघुनाथ को टिहरी नरेश भी अपना कुल देवता मानते थे। तीर्थ पुरोहितों के अनुसार दक्षिण भारत से लेकर नेपाल तक देवप्रयाग स्थित भगवान रघुनाथ की अलग मान्यता है। भगवान बदरी विशाल की मूर्ति की भांति भगवान रघुनाथ की मूर्ति को कोई स्पर्श नहीं कर सकता। दक्षिण भारत के तीर्थपुरोहित विनोद पंडित ने कहा कि कहा कि जीयर मठ के स्वामी का मूर्ति स्पर्श करने का हठ उचित नहीं है। उन्हें पुरातन समय से चली आ रही धार्मिक परंपराओं के सम्मान करने की बात कही है। पुजारी और तीर्थ पुरोहितों के कड़े विरोध के बाद जीयर स्वामी मठ प्रमुख को अपना हठ छोड़ वापस लौटना पड़ा।

## चार को दिल्ली कूच करेंगी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

चमोली। यहां आयोजित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की जिला स्तरीय बैठक में मानदेय बढ़ाने सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई।

साथ ही विभिन्न मांगों के लिए चार अक्तूबर को दिल्ली कूच रैली को सफल बनाने की अपील की गई।

रविवार को संगठन की जिलाध्यक्ष बिमला गैरोला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि लंबे समय से मानदेय वृद्धि की मांग की जा रही है। लेकिन सरकार द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। वहीं मिनी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां समान वेतन समान काम की मांग भी सरकारी स्तर पर लटकी हैं।

# कांग्रेसियों ने मयाली बाजार में स्वच्छता अभियान चलाया



रुद्रप्रयाग।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मयाली बाजार में ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र सकलानी के नेतृत्व में रविवार को स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने रास्तों,गलियों व टैक्सी स्टैंड आदि की सफाई की। वहीं सड़क व रास्तों सहित बस्ती में भी सफाई अभियान चलाया गया। इस मौके पर कांग्रेस जखोली ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र सकलानी ने कहा है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर कांग्रेस स्वच्छता अभियान चलाकर कर समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार व बुराई का अंत करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर हर गांव व न्याय पंचायत स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाकर महात्मा गांधी के विचार व भावना से भय मुक्त समाज के लिए जन–जागरूकता अभियान चलायेगी। इस अवसर पर कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र सकलानी, टैक्सी युनियन अध्यक्ष पूर्व प्रधान हरीश पुण्डीर,पूर्व व्यापार संघ अध्यक्ष प्रेम प्रकाश कोठरी, चेतन भण्डारी,पवन काला आदि मौजूद थे।

# सिमली बेस अस्पताल में जनरल और नेत्र सर्जन नियुक्त



चमोली। चमोली के केंद्र बिंदु सिमली में बने बेस अस्पताल में जल्द विशेषज्ञ चिकित्सक सेवाएं देंगे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के मुताबिक यहां आधा दर्जन करीब विशेषज्ञ चिकित्सक नियुक्त कर दिए गए हैं। जबकि जल्द अन्य चिकित्सक भी यहां तैनात किए जाएंगे। सिमली में करोड़ों की लागत से बेस अस्पताल का निर्माण और कर्मियों के लिए आवास का निर्माण कर दिया गया है। लेकिन यहां अस्पताल शुरू हुए एक साल बीतने के बाद भी संसाधनों का अभाव बना है। लगातार लोगों की मांग पर यहां अब विशेषज्ञ चिकित्सक नियुक्त होने शुरू हो गए हैं।

चमोली के मुख्य चिकित्साधिकारी डा. राजीव शर्मा के मुताबिक सिमली बेस अस्पताल को जनरल सर्जन, नेत्र सर्जन, ईएनटी, की नियुक्ति कर दी गई है। जबकि यहां पहले से हड्डी रोग, फिजियोथेरेपिस्ट और एनेस्थीसिया की नियुक्ति थी। वहीं जिले को सरकार की पहल पर अभी और विशेषज्ञ चिकित्सक मिलने वाले हैं जिनमें से सिमली को प्राथमिकता के तौर पर चिकित्सक मिलेंगे। बताया कि पैरामेडीकल स्टॉफ और संसाधन जुटाने की प्रक्रिया गतिमान है। जबकि पैथोलॉजी के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही निःशुल्क जांच का कलेक्शन सेंटर बनाया गया है।

**लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी**

सिमली बेस अस्पताल में सुविधाएं और विशेषज्ञों की नियुक्ति जल्द नहीं होने पर लोगों ने आंदोलन की चेतावनी दी है। व्यापार संघ के जिलाध्यक्ष ईश्वरी मैखुरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र नेगी, क्षेत्र पंचायत सदस्य बृजेश बिष्ट, कपीरी संघर्ष समिति के अध्यक्ष खिलदेव सिंह रावत सहित अन्य ने जल्द सिमली बेस अस्पताल को शुरू करने की मांग की है।

## बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत

हरिद्वार। पदार्था गांव स्थित रविदास मंदिर के निकट लक्सर–हरिद्वार मार्ग पर दो बाइकों की आमने–सामने की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना शनिवार देर शाम की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार सिद्धार्थ (19) पुत्र स्व. अनिल, निवासी रंजीतपुर लक्सर बाइक से धनपुरा से लक्सर अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह पदार्था स्थित रविदास मंदिर के निकट लक्सर–हरिद्वार मार्ग पर पहुचा तो एक गाड़ी को ओवरटेक करने लगा। इस दौरान सामने से आ रहे बाइक जावेद (20) पुत्र मुनसब निवासी धनपुरा की उनसे आमने–सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इससे दोनों बाइक सवार सड़क पर जा गिरे जिन्हें राहगीरों ने उठाकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया।

# गोपेश्वर में टीएचडीसी और पुलिस ने चलाया स्वच्छता अभियान



चमोली। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के नेतृत्व में पुलिस के अधिकारियों, कर्मचारियों ने जिला मुख्यालय गोपेश्वर सहित सभी थानों, चौकियों में स्वच्छता अभियान चलाया। एक तारीख एक घंटा कार्य क्रम के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के नेतृत्व में पुलिस बल ने श्रमदान कर पुलिस लाइन में वृहद सफाई अभियान चलाया। पीपलकोटी में टीएचडीसी ने महाप्रबंधक अजय वर्मा के नेतृत्व में जन जागरण स्वच्छता अभियान चलाया। एनसीसी के कैंडिटों ने लेफ्टिनेंट कुंवर सिंह रावत के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया। राजकीय इंटर कालेज मैठाणा में प्रधानाचार्य के नेतृत्व में वृहद सफाई अभियान चलाया गया। केन्द्रीय विद्यालय गोपेश्वर, राजकीय नर्सिंग कॉलेज गोपेश्वर में वृहद सफाई अभियान चलाया गया।

# राजभवन में आयोजित हुआ स्वच्छता ही सेवा अभियान



**– राज्यपाल ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान में योगदान दिया – राज्यपाल ने राजभवन के स्वच्छता कार्मिकों को प्रोत्साहित किया– राजभवन के सभी विभागों और अनुभागों में कार्मिकों ने चलाया स्वच्छता अभियान**

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने रविवार को राजभवन में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के तहत राजभवन परिसर में सफाई अभियान में प्रतिभाग किया। स्वच्छता अभियान की शुरुआत करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर 'स्वच्छता के लिए एक घंटे के श्रमदान' की अपील के अनुरूप राजभवन से सभी प्रदेशवासियों को स्वच्छता अभियान के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राजभवन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी 'देशव्यापी स्वच्छता अभियान' में शामिल हुए और राजभवन परिसर के अलावा राजभवन सचिवालय परिसर में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं, तभी हम भारत को स्वच्छ और समृद्ध बना सकते हैं। स्वच्छता के लिए हमें कहीं दूर जाकर कार्य करने की आवश्यकता नहीं है, अपितु हमें अपने अपने आस–पास ही स्वच्छता के लिए एक दृष्टिकोण बनाना होगा। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि हमें एक बार फिर से स्वच्छ भारत अभियान को एक ऊंचे स्तर पर ले जाने के लिए प्रेरणा प्राप्त हुई है। हमें विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वच्छता के प्रति जागरूक और संवेदनशील होने की आवश्यकता है। हम अपने चारों ओर स्वच्छता के लिए नए आयाम विकसित कर सकते हैं।


उन्होंने कहा कि आज के दिन हमें स्वच्छता के साथ–साथ श्रमदान के महत्व को भी समझना होगा, हमारे श्रम के द्वारा समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन आ सकता है। श्रमदान को दूसरे मायने में समझें तो हमें स्वच्छता के प्रति अपनी शर्म का दान करना होगा अर्थात् संकोच को दूर भगाना होगा।

राज्यपाल ने राजभवन के स्वच्छता कार्मिकों के कार्यों को प्रोत्साहित किया और राजभवन के सभी अधिकारी, कार्मिक और अन्य सभी लोगों को 'स्वच्छता ही सेवा' के तहत कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सराहा।

इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस भदौरिया, एडीसी मेजर तरुण कुमार, अमित श्रीवास्तव, वित्त नियंत्रक डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, विशेष कार्य अधिकारी श्री राज्यपाल बी.पी. नौटियाल, कम्प्ट्रोलर प्रमोद चमोली, उप सचिव एन. के. पोखरियाल, अनु सचिव जी. डी. नौटियाल, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ नितिन उपाध्याय, सहायक निदेशक संजू प्रसाद ध्यानी, सूचना अधिकारी अजनेश राणा, मीडिया को–ऑर्डिनेटर पारितोष बंगवाल सहित राजभवन के सभी अधिकारी, कार्मिक उपस्थित थे।







सम्पादकीय

## अब अमेरिका को आईना!

जयशंकर ने ना सिर्फ कनाडा को सख्त संदेश दिया, बल्कि अमेरिका को भी आईना दिखाने की कोशिश की। जयशंकर के भाषण ऐसी कई बातें आईं, जो अक्सर आजकल चीनी राजनयिकों के भाषणों में सुनने को मिलती हैं। संयुक्त राष्ट्र में विदेश मंत्री एस जयशंकर के संबोधन का लब्बोलुआब संभवतः यह है कि भारत ने पश्चिमी देशों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जयशंकर ने वहां से ना सिर्फ कनाडा को सख्त संदेश दिया, बल्कि अमेरिका को भी आईना दिखाने की कोशिश की। जयशंकर के भाषण ऐसी कई बातें आईं, जो अक्सर आजकल चीनी राजनयिकों के भाषणों में सुनने को मिलती हैं। मसलन, उन्होंने कहा कि अब वह दौर चला गया, जब कुछ देश दुनिया का एजेंडा तय कर देते थे। साथ ही उन्होंने नियम आधारित विश्व व्यवस्था के अमेरिकी कथानक पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वार्ताओं में अक्सर नियम आधारित विश्व व्यवस्था की बात आती है। संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र का भी उल्लेख किया जाता है। लेकिन असल में कुछ ही देश हैं, जो एजेंडा तय करते हैं और नियमों को परिभाषित करते हैं। जयशंकर ने कहा– 'यह अनिश्चितकाल तक चलते नहीं रह सकता। ना ही अब बिना किसी चुनौती के ऐसा चलता रहेगा।' इसके साथ ही वैक्सीन भेदभाव, जयवायु परिवर्तन की ऐतिहासिक जिम्मेदारी और खाद्य एवं ऊर्जा को जरूरतमंद देशों के बजाय धनी देशों को भेजने के लिए बाजार की शक्ति के उपयोग का मुद्दा भी उठाया। ये वो तमाम बातें हैं, जिन पर धनी देशों का विकासशील देशों के साथ पुराना टकराव रहा है। न्यूयॉर्क में हुए एक अन्य संवाद के दौरान जयशंकर ने कनाडा पर आतंकवाद की पनाहगाह होने का सीथा सीधा इल्जाम लगाया। "नियम बनाने वालों" पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा प्रादेशिक अखंडता और अन्य देशो के आंतरिक मामलों में अहस्तक्षेप की नीति को अपनी सुविधा के अनुसार लागू नहीं किया जा सकता। जयशंकर के इन बयानों का मतलब फिलहाल तो यही निकाला जाएगा कि कनाडा की धरती पर एक कनाडाई नागरिक की हत्या में भारत का हाथ होने के आरोप पर बचाव की मुद्रा में नहीं है। सरकार का बचाव की मुद्रा में ना आना राष्ट्रीय स्वाभिमान की भावना को पुष्ट करेगा। मगर इसके साथ ही यह प्रश्न भी है कि क्या साथ–साथ पश्चिम और चीन के गुट के साथ टकराव मोल लेना देश के दूरगामी हित मे है? आशा है, नीति निर्माताओं पर इस पर पर्याप्त विचार किया होगा।

# भारत–कनाडा के बीच विवादः सरल नहीं समाधान

डॉ. एनके सोमानी

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बयान ने भारत–कनाडा संबंधों को इतिहास के सबसे निम्न स्तर पर ला दिया है।

हाउस ऑफ कॉमन्स में ट्रूडो ने जिस तरह से खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की कथित संलिप्तता की बात कही है, उससे भारत–कनाडा संबंधों में तल्खी इस हद तक बढ़ गई है कि दोनों देश कूटनीतिक आक्रामकता पर उतर आए हैं। बात राजनयिकों से देश छोडने और नागरिकों के लिए परामर्श जारी करने भर तक नहीं रुकी। भारत ने तो सख्त कदम उठाते हुए कनाडाई लोगों के लिए वीजा प्रक्रिया भी रोक दी है। कनाडा से पहले इस तरह की कूटनीतिक तनातनी केवल पाकिस्तान के साथ ही रही है।

खालिस्तान का मसला भारत–कनाडा संबंधों में दरार की बड़ी वजह रहा है। भारत कनाडा सरकार से कहता रहा है कि खालिस्तानियों की गतिविधियों और उनकी फंडिंग पर रोक लगाए। लेकिन ट्रूडो सरकार ने कभी संज्ञान नहीं लिया। नतीजा यह हुआ कि कनाडा की जमीन से खालिस्तानी डायस्पोरा खुले आम भारत को चुनौती देने लगे हैं।

निज्जर सिख फॉर जस्टिस में नंबर दो की हैसियत रखता था। भारत विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण भारत ने 2019 से ही इस संगठन को प्रतिबंधित किया हुआ है। निज्जर खालिस्तान टाइगर फोर्स के नाम से भी एक गुट चलाता था। इस गुट के जरिए वह कनाडा से बाहर अमेरिका, स्विट्जरलैंड ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन जैसे देशों में स्वतंत्र खालिस्तानी राष्ट्र की मुहिम चला रहा था। जून में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के एक गुरुद्वारा परिसर में हुई गैंगवार में उसकी हत्या हो गई। ट्रूडो सरकार ने जांच समिति का गठन कर मामले की पड़ताल शुरू की। समिति की जांच अभी तक पूरी नहीं हुई है, और न ही समिति ने कोई रिपोर्ट सरकार को दी है। लेकिन ट्रूडो ने निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता की बात कह कर मामले को तूल दे दिया।

हालांकि, कनाडा ने अपने आरोपों के संबंध में कोई सबूत साझा नहीं किया है लेकिन कनाडाई मीडिया से आ रहीं खबरों के मुताबिक निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता के आरोपों की खुफिया जानकारी ओटावा के 'फाइव आईज'(एंग्लोफोन इंटेलीजेंस शेयरिंग एग्रीमेंट) खुफिया नेटवर्क के एक सहयोगी देश से मिली सूचनाओं पर आधारित है। इस नेटवर्क में कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड शामिल हैं। सवाल है कि 'फाइव आईज' के किस देश ने कनाडा को यह कथित जानकारी दी है। दूसरा, जो जानकारी कनाडा को दी गई है, वो कितनी सत्य और विसनीय है, और उसकी सूचना का स्रेत क्या है। नेटवर्क में सम्मिलित देशों के साथ भारत के हमेशा से अच्छे संबंध रहे हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि कनाडा इन देशों के साथ भारत के संबंधों में किसी तरह की गलतफहमी डालना चाहता हो।

ब्रिटेन ने कनाडा के आरोप को गंभीर बताया है। यह भी कहा है कि इस विषय पर ब्रिटेन की भारत के साथ चल रही व्यापार संबंधी चर्चा पर असर नहीं पड़ेगा। ऑस्ट्रेलिया ने आरोपों पर चिंता तो व्यक्त की है पर उसकी तरफ से भारत को असहज करने वाली कोई



प्रतिक्रिया नहीं आई है। न्यूजीलैंड विवाद को दूर से देख रहा है। रही बात अमेरिका की तो अमेरिका भारत से जांच में सहयोग करने का अनुरोध कर रहा है।

हालांकि, न्यूयॉर्क टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से कहा है कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने कनाडा के अधिकारियों को ऐसी जानकारी उपलब्ध करवाई है, जिससे कनाडा को यह निष्कर्ष निकालने में मदद मिली कि इसमें भारत का हाथ है। तो क्या अमेरिका भारत–कनाडा संबंधों में कोई एंगल तलाश रहा है। 2018 में ट्रूडो की भारत यात्रा के दौरान द्विपक्षीय बैठक में भी भारत ने यह मुद्दा उठाया था कि कनाडा भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहा है। 2020 में किसान आंदोलन के दौरान भी ट्रूडो और उनकी सरकार की तरफ से बयानबाजी की गई। भारतीय राजनयिकों की हत्या करने की धमकी देने और भारत के वाणिज्य दूतावास पर हमला करने के बावजूद ट्रूडो सरकार ने अपने यहां पल रहे अलगाववादियों के खिलाफ ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जिससे भारत को भरोसा हो सके कि उसकी मांग पर कनाडा सरकार गंभीर है।

सवाल यह है कि ट्रूडो ऐसा क्यों कर रहे हैं? एक हत्या को लेकर जिसका कोई एविडेंस नहीं है, ट्रूडो भारत के साथ संबंधों को दांव पर लगा रहे हैं। कनाडा की घरेलू राजनीति में झांकें तो इसका कारण नजर आता है। कनाडा में सिख समुदाय के आठ लाख से अधिक लोग रहते हैं। यह कनाडा की कुल आबादी का 2.1 प्रतिशत है। ऐसे में कनाडा की कोई भी पार्टी सिख डायस्पोरा को नाराज नहीं करना चाहती। इसमें ट्रूडो और उनकी लिबरल पार्टी दो कदम आगे ही हैं। उन्होंने अपनी कैबिनेट में कई महत्त्वपूर्ण पदों पर सिख समुदाय से जुड़े लोगों को नियुक्त किया है। महंगाई, बेरोजगारी और संसाधनों की उपलब्धता में कमी के कारण कनाडा में ट्रूडो की लोकप्रियता लगातार कम हो रही है।जुलाई, 2022 के एक सर्वे में ज्यादातर कैनेडियन ने कहा था कि वह पिछले 55 साल के सबसे खराब प्रधानमंत्री हैं। ऐसे में अलगाववादियों को लेकर ट्रूडो की नरम नीति अब उन्हें पूरी तरह से खुले आम समर्थन देने में तब्दील हो गई है। दूसरा ट्रूडो की सरकार इस समय बैसाखी के सहारे पर है। वे न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के सहयोग से सरकार चला रहे हैं। किसी से छुपा नहीं है कि इस पार्टी के नेता जगमीत सिंह खालिस्तान समर्थक रैलियों में हिस्सा लेते रहे हैं।

साफ है कि ट्रूडो ने सिख वोट बैंक के तुष्टिकरण के लिए भारत के खिलाफ विष वमन किया है। लेकिन ट्रूडो शायद नहीं जानते कि घरेलू राजनीति के लिहाज से विदेश नीति नहीं चलती है। कनाडा में करीब 13 लाख भारतवंशी रहते हैं। दोनों देशों के बीच करीब 8 अरब डॉलर का कारोबार है। भारत कनाडा का दसवां सबसे बड़ा व्यापारिकसाझेदार है। हाल में कनाडा ने हिन्द–प्रशांत क्षेत्र के लिए जो रणनीति जारी की है, उसमें भारत को अहम साझेदार माना है। दोनों देश मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में भी बढ़ रहे हैं। अब भारत ने भी जिस तरह से सख्त कदम उठाते हुए वीजा प्रक्रिया रोक कर कनाडाई लोगों को आइसोलेट किया है, उसे देखते हुए भारत और कनाडा, दोनों के लिए इस मसले का हल आसान नहीं है।

**सवाल यह है कि ट्रूडो ऐसा क्यों कर रहे हैं? एक हत्या को लेकर जिसका कोई एविडेंस नहीं है, ट्रूडो भारत के साथ संबंधों को दांव पर लगा रहे हैं। कनाडा की घरेलू राजनीति में झांकें तो इसका कारण नजर आता है। कनाडा में सिख समुदाय के आठ लाख से अधिक लोग रहते हैं। यह कनाडा की कुल आबादी का 2.1 प्रतिशत है। ऐसे में कनाडा की कोई भी पार्टी सिख डायस्पोरा को नाराज नहीं करना चाहती। इसमें ट्रूडो और उनकी लिबरल पार्टी दो कदम आगे ही हैं। उन्होंने अपनी कैबिनेट में कई महत्त्वपूर्ण पदों पर सिख समुदाय से जुड़े लोगों को नियुक्त किया है। महंगाई, बेरोजगारी और संसाधनों की उपलब्धता में कमी के कारण कनाडा में ट्रूडो की लोकप्रियता लगातार कम हो रही है।जुलाई, 2022 के एक सर्वे में ज्यादातर कैनेडियन ने कहा था कि वह पिछले 55 साल के सबसे खराब प्रधानमंत्री हैं। ऐसे में अलगाववादियों को लेकर ट्रूडो की नरम नीति अब उन्हें पूरी तरह से खुले आम समर्थन देने में तब्दील हो गई है। दूसरा ट्रूडो की सरकार इस समय बैसाखी के सहारे पर है।**

# विपक्ष के तो वादे भी छोटे हैं

हरिशंकर व्यास

सोचें, नरेंद्र मोदी ने कहां से शुरुआत की थी। प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर 2014 में मैदान में उतरे तब काले धन का जुमला बोला था और कहा था कि विदेशों में इतना काला धन है कि अगर वापस आ जाए तो हर भारतीय के खाते में 15–15 लाख रुपए आ सकते हैं। इसके जवाब में विपक्षी नेता क्या कह रहे हैं कि जीते तो खातों में दो–दो हजार या तीन–तीन हजार रुपए डालेंगे। सोचें, कहां 15 लाख और कहां तीन हजार रू! दे तो मोदी भी दो– तीन हजार ही दे रहे हैं लेकिन उन्होंने वादा 15 लाख रू का किया था। यहां विपक्ष वादा ही दो–तीन हजार रुपए का का कर रहा है। अदानी–अंबानी से ले कर 25–50 लाख रू का क्यों नहीं कर रहा? मोदी ने किसानों को दी है छह हजार रुपए की सालाना रेवड़ी लेकिन कहा था कि 2022 तक किसानों की आय दोगुनी कर देंगे। इसके जवाब में विपक्षी पार्टियां क्या कह रही हैं? किसानों के लिए उनका क्या वादा है? सिर्फ इतना कि कर्ज माफ कर देंगे। क्या इससे काम चलेगा? किसानों की आय कम से कम चार गुनी कर देना का वादा करना चाहिए।

प्रधानमंत्री बनते ही 2014 के दो अक्टूबर को मोदी ने स्वच्छता अभियान शुरू किया और थोड़े दिन के अभियान के बाद घोषित कर दिया कि देश स्वच्छ हो गया और खुले में शौच से मुक्त हो गया। यह अलग बात है कि राजधानी दिल्ली में अहले सुबह बाहर निकल जाइए तो हजारों लोग बोतल में पानी लेकर शौच के लिए जाते दिख जाएंगे। मोदी के स्वच्छता के जवाब में विपक्ष के पास क्या एजेंडा है? मोदी ने हर घर शौचालय देने की बता कही थी तो 'इंडिया' के नेताओं को हर घर में टाइल्स वाले और गीजर लगे बाथरूम देने का वादा करना चाहिए, जिसमें 24 घंटे पानी की सप्लाई हो। बॉलीवुड



की बड़ी अभिनेत्री को बुला कर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का अभियान मोदी ने शुरू किया। लोगों से बेटियों के साथ सेल्फी डालने की अपील की गई। लेकिन हकीकत क्या है? महाकाल की नगरी उज्जैन में 12 साल की खून से लथपथ बेटी आठ किलोमीटर तक चलती रही और एक आदमी मदद के लिए सामने नहीं आया। बलात्कार का शिकार हुई नाबालिग बेटी को मंदिर के एक पुजारी राहुल शर्मा से मदद मिली। भाजपा के सांसद महिला पहलवानों से छेड़छाड़ के आरोपी हैं और हर तरह की कार्रवाई से सुरक्षित हैं। हरियाणा सरकार के भाजपा के मंत्री पर महिला कोच के यौन शोषण का आरोप है लेकिन वे मंत्री बने हुए हैं और महिला कोच पर मुकदमा चल रहा है।

मोदी ने एक सौ स्मार्ट सिटी बनाने का ऐलान किया। इसके जवाब में विपक्ष के पास क्या एजेंडा है? विपक्षी पार्टियां तो स्मार्ट सिटी में रहने वाली महिलाओं की मुफ्त में बस यात्रा कराने तक सीमित हैं। अगर उनमें हिम्मत है तो हर महिला को कार देने का वादा करें और उसमें मुफ्त पेट्रोल या डीजल की व्यवस्था करने का भी वादा करें। याद करें कैसे प्रधानमंत्री बनने से पहले नरेंद्र मोदी और उनके साथ बाबा रामदेव ने पेट्रोल–डीजल की महंगाई कम करने का वादा किया था और कहा गया था कि पेट्रोल 40 रुपए लीटर बिकेगा। आज पेट्रोल एक सौ रुपए लीटर बिक रहा है। सोचें, क्या ऐसा झूठ विपक्ष का कोई नेता बोल सकता है कि सत्ता में आए तो पेट्रोल 25 रुपए लीटर बिकेगा? अगर बोल सकते हैं तो बोलें क्योंकि लोग उस पर यकीन करेंगे। मोदी और उनके समर्थकों का वादा डॉलर को 40 रुपए पर लाने का था, जो आज 84 रुपए के करीब है। विपक्ष के नेता उसे 40 से भी नीचे लाने का वादा करें तभी बात बनेगी। प्रधानमंत्री मोदी 81 करोड़ लोगों को पांच किलो अनाज मुफ्त दे रहे हैं। इस बारे में विपक्षी पार्टियां कुछ नहीं कह रही हैं। उनको 140 करोड़ आबादी को तीन टाइम खाना मुफ्त में देने का वादा कर देना चाहिए। जो इंदिरा रसोई एकाध राज्यों में चल रही है उसे पूरे देश में खोलने का वादा करना चाहिए। सस्ता सिलिंडर को सरकार उज्ज्वला योजना के तहत देने लगी इसलिए विपक्षी पार्टियों के पांच सौ रुपए में सिलिंडर देने के वादे का कोई मतलब नहीं है। विपक्ष को चाहिए कि वह हर घर में पाइप से मुफ्त गैस पहुंचाने का वादा करे। हर भारतीय को पक्का छत देने का वादा प्रधानमंत्री कर चुके हैं। विपक्ष को भी वही वादा नहीं करना चाहिए। उसे रोटी, कपड़ा और मकान सब मुफ्त देने के साथ साथ गाड़ी भी मुफ्त में देने का वादा करना चाहिए। विपक्ष चाहे तो घर का साइज भी बता सकता है। चार बेडरूम से कम का घर देने का वादा किया तो फायदा नहीं होगा। सर्वशिक्षा अभियान से कुछ नहीं होना है सबको मेडिकल–इंजीनियरिंग–एमबीए की मुफ्त पढ़ाई का वादा करना चाहिए।

# खाली पेट चुकंदर का जूस पिएं, शरीर के साथ–साथ दिल को रखेगा एकदम फिट



सेहतमंद रहना है तो दिल को हेल्दी रखना बेहद जरूरी है. शरीर के साथ–साथ दिल को सेहतमंद रखना है तो सुबह उठकर खास डाइट को फॉलो करें. खाली पेट कुछ खास जूस को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना चाहिए. यह खास ड्रिंक कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कंट्रोल में रखता है. आपका दिल कितना ज्यादा हेल्दी है यह आपके खानपान और लाइफस्टाइल से जुड़ा हुआ है. दिल आपका सेहतमंद रहे इसके लिए ऑर्टरी और वेन्स को हेल्दी रहना बेहद जरूरी है.

दिल के बेहतर स्वास्थ्य के लिए खाली पेट इन ड्रिंक्स को पिएं

**चुकंदर का जूस**

चुकंदर का जूस कई तरह के पोषक तत्वों से जुड़ा हुआ है. आपकी जानकारी के लिए बता दें कि बीटरूट पोषक तत्वों का पावरहाउस होता है. इसमें काफी मात्रा में नाइट्रेट होता है. जो ब्लड सर्कुलेशन को अच्छा रखता है. साथ ही साथ बीपी को कंट्रोल में रखता है. खाली पेट चुकंदर का जूस पीने से आपके दिल को काफी ज्यादा फायदा होता है.

**गर्म नींबू पानी**

अपने दिन की शुरुआत एक गिलास गर्म नींबू पानी से करें. नींबू विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है. जो सूजन को कम करने और रक्तचाप को कम करने में मदद कर सकता है. यह पाचन और विषहरण में भी सहायता करता है. स्वस्थ हृदय का समर्थन करता है.

**हरी चाय**

ग्रीन टी कैटेचिन नामक एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होती है. जो हृदय स्वास्थ्य में सुधार से जुड़ा हुआ है. खाली पेट एक कप ग्रीन टी पीने से कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने और ब्लड सर्कुलेशन के कार्य में सुधार करने में मदद मिल सकती है.

**हल्दी दूध (गोल्डन मिल्क)**

हल्दी में करक्यूमिन होता है, जो एक शक्तिशाली सूजन रोधी यौगिक है. गर्म दूध में एक चम्मच हल्दी मिलाने से एक सुखदायक पेय बनता है जिसे गोल्डन मिल्क कहा जाता है. नियमित रूप से सेवन करने पर यह सूजन को कम करने और हृदय स्वास्थ्य का समर्थन करने में मदद कर सकता है.

**क्रैनबेरी जूस**

क्रैनबेरी एंटीऑक्सिडेंट और पॉलीफेनोल्स से भरपूर होते हैं जो हृदय रोग के जोखिम को कम करके हृदय स्वास्थ्य का समर्थन कर सकते हैं. अतिरिक्त शर्करा से बचने के लिए बिना मिठास वाला क्रैनबेरी जूस चुनें. इन जूसों को आप खाली पेट अगर रोजाना पिएंगे तो इससे शरीर सेहतमंद तो रहेगा ही साथ ही साथ दिल भी हेल्दी रहेगा.

# कही आप फ्रोजन शोल्डर के शिकार तो नही? जाने कैसे पहचाने, इग्नोर करना हो सकता है खतरनाक

कंधे में दर्द एक आम समस्या है जिसका सामना कई लोग करते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि कंधे का दर्द कई बार फ्रोजन शोल्डर नामक गंभीर स्थिति का संकेत भी हो सकता है? इसमें कंधे की मांसपेशियां अत्यधिक कड़ी और सूजी हो जाती हैं. इससे कंधे में भयंकर दर्द होता है और कंधे को हिलाने–डुलाने में बहुत परेशानी होती है.कई बार तो हाथ उठा भी नहीं पाते. यह एक गंभीर स्थिति है जिसमें मांसपेशियों को नुकसान पहुंच सकता है. अगर समय रहते इसका इलाज नहीं किया जाता तो यह मांसपेशियों में गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है. इसलिए जब भी कंधे में दर्द हो, हमें सतर्क हो जाना चाहिए. आइए जानते हैं कि कैसे पहचाना जा सकता है कि कंधे का दर्द फ्रोजन शोल्डर का संकेत है, और इससे बचने के उपाय.

**फ्रोजन शोल्डर में क्या होता है**

फ्रोजन शोल्डर में क्या होता है, यह समझने के लिए हमें कंधे की बनावट को समझना पड़ेगा. कंधे के जोड़ पर एक कैप्सूल या झिल्ली होती है जो कंधे के जोड़ को ढके रहती है. इस कैप्सूल में एक तरल पदार्थ भरा रहता है जो कंधे के जोड़ को चिकनाई प्रदान करता है और आसानी से घूमने में मदद करता है. फ्रोजन शोल्डर होने पर यह कैप्सूल जकडन् या सूजन का शिकार हो जाता है. इससे कंधे का जोड़ सख्त और अकड़ा हो जाता है. तरल पदार्थ कम होने से जोड़ पर चिकनाई गायब हो जाती है और कंधे को घुमाना–हिलाना मुश्किल हो जाता है.

**फ्रोजन शोल्डर होने पर यह लक्षण दिखाई देते हैं**

* कंधे में भारीपन और दर्द महसूस होना * कंधे को उठाने या घुमाने में तकलीफ होना * कंधे या बांह में झिनझिनी और सुन्नपन महसूस होना * कंधे के आस–पास की मांसपेशियों में सूजन आना

# यही सोच समस्या है

प्रश्न है कि उन 19 थाना क्षेत्रों को क्यों छोड़ दिया गया? एक अंग्रेजी अखबार में छपी रिपोर्ट के मुताबिक पिछले लगभग पांच महीनों में मणिपुर में हुई हिंसा की तमाम घटनाओं के बीच तकरीबन 80 फीसदी वारदात उन्हीं थाना क्षेत्रों में हुई हैं।

मणिपुर में बेकाबू हालात के बीच 19 थाना क्षेत्रों को छोड़ कर बाकी पूरे राज्य को अशांत क्षेत्र घोषित किया गया है। यानी वहां सशस्त्र बल (विशेष अधिकार) कानून लागू हो गया है। प्रश्न है कि उन 19 थाना क्षेत्रों को क्यों छोड़ दिया गया? एक अंग्रेजी अखबार में छपी रिपोर्ट के मुताबिक पिछले लगभग पांच महीनों में मणिपुर में हुई हिंसा की तमाम घटनाओं के बीच तकरीबन 80 फीसदी वारदात उन्हीं थाना क्षेत्रों में हुई हैं। मगर इन क्षेत्रों को इसलिए बख्शा गया, क्योंकि वहां बहुसंख्यक मैतई आबादी रहती है। जबकि जिन क्षेत्रों में अफ्सपा लागू किया गया है, वे पहाड़ी इलाके हैं, जहां ज्यादतर कुकी आबादी ज्यादा है। इस संदर्भ में यह पहलू रेखांकित करने का है कि हिंसा की इस लंबी अवधि में राज्य सरकार– खासकर मुख्यमंत्री बीरेन सिंह पर मैतई समुदाय की तरफ से काम करने के आरोप लगते रहे हैं। राज्य प्रशासन पूरी तरह नाकाम




रहा है, यह बात अपने ढंग से देश का सवोच्च न्यायालय भी कह चुका है।

इसके बावजूद उनकी पीठ पर केंद्र सरकार का हाथ बना हुआ है। सरकार में कुकी समुदाय को निशाने पर रखने का नजरिया कितना हावी है, इसकी स्पष्ट मिसाल देखनी हो, तो न्यूयॉर्क में विदेश मंत्री एस जयशंकर के दिए बयान पर गौर करना चाहिए। जयशंकर ने म्यांमार से आए शरणार्थियों को हिंसा का प्रमुख कारण बताया। इस तरह मैतई समुदाय की खुद को जनजाति घोषित कराने की मांग और उससे उपजे तनाव जैसी बुनियादी वजह की उन्होंने पूरी उपेक्षा कर दी। अगर समस्या की जड़ों में और भी गहरे झांका जाए, तो प्रमुख कारण के तौर पर संसाधनों– खासकर जमीन से जुड़ी सुरक्षा का पहलू स्पष्ट नजर आता है। जहां तक आइडेंटी पॉलिटिक्स की बात है, तो उसमें दोनों समुदाय शामिल रहे हैं।

हिंदुत्ववादी संगठनों के साथ–साथ चर्च ने भी इस होड़ को बढ़ाने में भूमिका निभाई है। किसी निष्पक्ष सरकार का दायित्व इन विभाजन रेखाओं और उनसे जुड़ी आशंकाओं को दूर करना होता। मगर जब सरकार खुद एक पक्ष बन जाए, तो समस्या का निकलना और दूर हो जाता है। इसीलिए अफ्सपा से भी ज्यादा उम्मीद नहीं बंधी है।

## भारत के एक और दुश्मन का सफाया! हाफिज सईद के करीबी की हत्या, कैमरे में मंजर कैद

**कराची ,एजेंसी।** भारत के एक और दुश्नमन के खातमे की खबर सामने आई है। पाकिस्तान में मोस्ट वॉन्टेड आतंकी कैसर फारूख की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई है। एक्स (ट्विटर) पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें साफ नजर आ रहा है कि लश्कर–ए–तैयबा से जुड़े फारूख की हत्या के बाद कुछ लोग भागते हुए नजर आ रहा है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि वीडियो कब का है और कितने बजे का है। फुटेज कराची की बताई जा रही है। कैसर फारूख एक मोस्ट वॉन्टेड आतंकी था। वह हाफिज सईद का करीबी बताया जाता है। सीसीटीवी फुटेज में नजर आ रहा है कि कैसर फारूख कुछ लोगों के साथ चल रहा है तभी अचानक गोलियों की आवाज आती है। जैसे ही गोलियों की आवाज गूंजती है, आसपास खड़े लोग जान बचाकर भागने लगते हैं और छिपने के लिए जगह तलाशते हैं। जबकि एक व्यक्ति जमीन पर गिर जाता है। कहा जा रहा है कि वह शख्स आतंकी कैसर फारूक है।

## नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने 25 लोगों को अगवा किया

**अबुजा ,,एजेंसी।** नाइजीरिया में दक्षिण–पश्चिमी राज्य ओन्डो के ओसे स्थानीय सरकारी क्षेत्र में बंदूकधारियों ने अंतिम संस्कार के लिए जा रहे एक स्थानीय चर्च के गायक मंडल के कम से कम 25 सदस्यों का अपहरण कर लिया है। स्थानीय पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। ओन्डो में पुलिस के प्रवक्ता ओलुफुनमिलायो ओडुनलामी–ओमिसन्या ने घटित हुई घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि पीड़ितों को बचाने और अपराध में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस के अपहरण विरोधी दस्ते और अन्य सामरिक टीमों को क्षेत्र में तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ समन्वय में काम करते हुए कुछ पीड़ितों को बचाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने हालाँकि बचाए गए लोगों की सटीक संख्या बताने से इनकार कर दिया।

## जम्मू–कश्मीर : श्रीनगर में आग लगने से 4 लोग घायल, 20 शेड जलकर खाक

**श्रीनगर ,एजेंसी ।** जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर जिले में रविवार तडक़े लगी आग में चार लोग घायल हो गए और 20 शेड जलकर खाक हो गए। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि श्रीनगर शहर के परिम्पोरा इलाके में लगी आग में चार लोग मामूली रूप से घायल हो गए और 20 शेड जलकर खाक हो गए।

अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने कहा, आग लगने के सही कारण की जांच की जा रही है। हमारे विभाग की टीमें कारण और इससे हुए नुकसान की जांच के लिए मौके पर हैं।

## मणिपुरी अभिनेत्री सोमा लैशराम पर लगा प्रतिबंध हटा

**इंफाल ,एजेंसी ।** इंफाल स्थित नागरिक निकाय कांगलीपाक कनबा लुप (केकेएल), जिसने मणिपुरी फिल्म अभिनेत्री सोमा लैशराम पर तीन साल का प्रतिबंध लगाया था, ने शनिवार को प्रतिबंध हटा लिया, जिससे 31 साल की फिल्म स्टार को बड़ी राहत मिली। केकेएल ने उन पर 16 सितंबर को दिल्ली में आयोजित एक सौंदर्य प्रतियोगिता में शो–स्टॉपर बनने के कारण प्रतिबंध लगाया था। उन्हें ऐसे आयोजनों में भाग लेने से दूर रहने की व्यक्तिगत सलाह दी गई थी, क्योंकि जातीय संघर्ष के कारण मणिपुर में तनाव का माहौल है।

# पेंशन शंखनाद रैली: ओपीएस की मांग पर सरकारी कर्मियों ने रामलीला मैदान में भरी हुंकार, 'वोट की चोट' के लिए तैयार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पुरानी पेंशन बहाली के लिए देशभर से आए लाखों कर्मियों ने रविवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में हुंकार भरी है। केंद्र और राज्य सरकारों के कर्मचारी संगठनों के नेताओं ने 'पेंशन शंखनाद महारैली' में कहा, अगर सरकार अपनी जिद नहीं छोड़ती है तो 'वोट की चोट' के आधार पर 'पुरानी पेंशन' बहाल कराएंगे। सरकारी कर्मियों, पेंशनरों और उनके रिश्तेदारों को मिलाकर यह संख्या दस करोड़ के पार चली जाती है। चुनाव में बड़ा उलटफेर करने के लिए यह संख्या निर्णायक साबित होगी। इस रैली में केंद्र एवं राज्यों के कर्मचारी संगठनों ने भाग लिया। हालांकि रैली का आयोजन नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के बैनर तले हुआ है। एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु ने कहा कि पुरानी पेंशन, कर्मियों का अधिकार है। वे इसे लेकर ही रहेंगे। दिल्ली का रामलीला मैदान, सरकारी कर्मियों से खचाखच भरा हुआ था।

बता दें कि इस रैली की तैयारियां, करीब एक वर्ष से जा रही थी। कई राज्यों के कर्मचारी दो–तीन दिन पहले ही दिल्ली पहुंच गए थे। रेल, बस और दूसरे वाहनों में बैठकर कर्मचारी दिल्ली पहुंचे हैं। अनेक कर्मियों को रेल की तत्काल टिकट लेनी पड़ी। रविवार सुबह 11 बजे रामलीला मैदान पूरी तरह भर चुका था। रामलीला मैदान के चारों तरफ की सड़कों पर कर्मियों के जत्थे चल रहे थे। कर्मियों के द्वारा 'पेंशन' का नारा लगाया जा रहा था। इससे पहले केंद्रीय कर्मचारी संगठनों ने 10 अगस्त को रामलीला मैदान में एक विशाल रैली आयोजित की थी। अब नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) द्वारा पेंशन शंखनाद महारैली आयोजित की गई है। विजय कुमार बंधु ने रैली की सफलता के लिए विभिन्न राज्यों का दौरा किया था। बंधु ने कहा, 'पुरानी पेंशन' बहाली का मुद्दा, अब जीवन मरण का प्रश्न बन चुका है। जब पांच राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल हो सकती है तो पूरे देश में क्यों नहीं। देश की आंतरिक और सीमा की सुरक्षा में तैनात सीएपीएफ जवानों को भी पुरानी पेंशन से वंचित रखा जा रहा है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को भारत संघ के शस्त्र बल मानते हुए उन्हें पुरानी पेन्शन का फायदा देने का फैसला सुनाया था। केंद्र सरकार ने उसे लागू करने की बजाए सुप्रीम कोर्ट में स्थगन आदेश ले लिया।

एनपीएस में कर्मियों जो पेंशन मिल रही है, उतनी तो बुढ़ापा पेंशन ही है। एनपीएस स्कीम में शामिल कर्मी, 18 साल बाद रिटायर हो रहे हैं, उन्हें क्या मिला है। एक कर्मी को एनपीएस में 2417 रुपये मासिक पेंशन मिली है, दूसरे को 2506 रुपये और तीसरे कर्मी को 49 सौ रुपये प्रतिमाह की पेंशन मिली है। अगर यही कर्मचारी पुरानी पेंशन व्यवस्था के दायरे में होते तो उन्हें प्रतिमाह क्रमशः 15250 रुपये, 17150 रुपये और 28450 रुपये मिलते। एनपीएस में कर्मियों द्वारा हर माह अपने वेतन का दस प्रतिशत शेयर डालने के बाद भी उन्हें रिटायरमेंट पर मामूली सी पेंशन मिलती है। इस शेयर को 14 या 24 प्रतिशत तक बढ़ाने का कोई फायदा नहीं होगा। एआईडीईएफ के महासचिव सी.श्रीकुमार के मुताबिक, एनपीएस में पुरानी पेंशन व्यवस्था की तरह महंगाई राहत का भी कोई प्रावधान नहीं है। जो कर्मचारी पुरानी पेंशन व्यवस्था के दायरे में आते हैं, उन्हें महंगाई राहत के तौर पर आर्थिक फायदा मिलता है। एनपीएस में सामाजिक सुरक्षा की गारंटी भी नहीं रही। रिटायरमेंट के बाद सरकारी कर्मियों को जानबूझकर कष्टों में धकेला जा रहा है।

एनएमओपीएस की महाराष्ट्र इकाई के सोशल मीडिया इंचार्ज, विनायक चौथे ने कहा, दिल्ली के रामलीला मैदान में देश के कौने कौने से सरकारी कर्मचारी पहुंचे हैं। ओपीएस की मांग को लेकर अभी तक की यह सबसे बड़ी रैली है। यह विशाल रैली, केवल पुरानी पेंशन बहाली के लिए है। केंद्र सरकार ने जो कमेटी गठित की है, उसमें ओपीएस का तो कहीं पर जिक्रही नहीं है। वह तो एनपीएस में सुधार के लिए है, जबकि कर्मचारी पहले ही कह चुके हैं कि उन्हें ओपीएस से कम कुछ भी मंजूर नहीं है। सरकारी कर्मियों का केवल एक ही मकसद है, बिना गारंटी वाली 'एनपीएस' योजना को खत्म किया जाए और परिभाषित एवं गारंटी वाली 'पुरानी पेंशन योजना' को बहाल किया जाए। ओपीएस में हर दस साल में वेतन और पेंशन रिवाइज होते हैं। नया वेतन आयोग, अपनी सिफारिशें देता है। ये सब बातें एनपीएस में शामिल नहीं हैं।

ओपीएस के लिए गठित नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) की संचालन समिति के राष्ट्रीय संयोजक एवं स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद 'जेसीएम' के सचिव शिवगोपाल मिश्रा ने कहा था, लोकसभा चुनाव से पहले पुरानी पेंशन लागू नहीं होती है तो भाजपा को उसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। कर्मियों, पेंशनरों और उनके रिश्तेदारों को मिलाकर यह संख्या दस करोड़ के पार चली जाती है। चुनाव में बड़ा उलटफेर करने के लिए यह संख्या निर्णायक है। केंद्र के सभी मंत्रालय/विभाग, रक्षा कर्मी (सिविल), रेलवे, बैंक, डाक, प्राइमरी, सेकेंडरी, कालेज एवं यूनिवर्सिटी टीचर, दूसरे विभागों एवं विभिन्न निगमों और स्वायत्तशासी संगठनों के कर्मचारी, ओपीएस पर एक साथ आंदोलन कर रहे हैं। केंद्र सरकार द्वारा एनपीएस में चाहे जो भी सुधार किया जाए, कर्मियों को वह मंजूर नहीं है। कर्मियों का केवल एक ही मकसद 'पुरानी पेंशन योजना' को बहाल कराना है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ, जिसमें मुख्य न्यायाधीश बीडी चंद्रचूड, जस्टिस बीडी तुलजापुरकर, जस्टिस ओ. चिन्नप्पा रेड्डी एवं जस्टिस बहारुल इस्लाम शामिल थे, के द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद 32 के अंतर्गत रिट पिटीशन संख्या 5939 से 5941, जिसको डीएस नाकरा एवं अन्य बनाम भारत गणराज्य के नाम से जाना जाता है, में दिनांक 17 दिसंबर 1981 को दिए गए प्रसिद्ध निर्णय का उल्लेख करना आवश्यक है। इसके पैरा 31 में कहा गया है, चर्चा से तीन बातें सामने आती हैं। एक, पेंशन न तो एक इनाम है और न ही अनुग्रह की बात है जो कि नियोक्ता की इच्छा पर निर्भर हो। यह 1972 के नियमों के अधीन, एक निहित अधिकार है जो प्रकृति में वैधानिक है, क्योंकि उन्हें भारतीय संविधान के अनुच्छेद 148 के खंड '50' का प्रयोग करते हुए अधिनियमित किया गया है। पेंशन, अनुग्रह राशि का भुगतान नहीं है, बल्कि यह पूर्व सेवा के लिए भुगतान है। यह उन लोगों के लिए सामाजिक, आर्थिक न्याय प्रदान करने वाला एक सामाजिक कल्याणकारी उपाय है, जिन्होंने अपने जीवन के सुनहरे दिनों में, नियोक्ता के इस आश्वासन पर लगातार कड़ी मेहनत की है कि उनके बुढ़ापे में उन्हें ठोकरें खाने के लिए नहीं छोड़ दिया जाएगा।

# दो बच्चों की हत्या में शामिल मुख्य अपराधियों पर शिकंजा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मणिपुर में दो बच्चों के अपहरण के बाद हत्या को लेकर स्थानीय लोगों ने खासा रोष है। प्रदर्शन तब हिंसक होने लगा, जब दोनों बच्चों के शवों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थीं। राज्य सरकार ने मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दिया था। रविवार को मामले के मुख्य अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बिरेन सिंह ने कहा कि आज एक बड़ी सफलता में हमने राज्य में दो युवाओं के अपहरण और हत्या के लिए जिम्मेदार मुख्य अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उइक के विशेष निदेशक को कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मणिपुर भेजा था और आज भारतीय सेना, अर्धसैनिक बलों, असम राइफल्स और राज्य पुलिस के सहयोग से हमने इस मामले में चुराचांदपुर से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। मैं ठक्अ, उइक और सभी केंद्रीय बलों को धन्यवाद देना चाहता हूं।

एक्स में लिखते हुए मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि फिजाम हेमनजीत और हिजाम लिनथोइंगंबी के अपहरण और हत्या के लिए जिम्मेदार कुछ मुख्य अपराधियों को चुराचांदपुर से गिरफ्तार कर लिया गया है। इससे पहले अधिकारियों ने बताया था कि सीबीआई ने सेना और मणिपुर पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में दो युवाओं की हत्या के मामले में चार लोगों को हिरासत में लिया है।

### चुराचांदपुर से चार को किया गया गिरफ्तार

साथ ही उन्होंने कहा, कोई भी अपराध करने के बाद भाग सकता है, लेकिन कानून के लंबे हाथों से नहीं बच सकता। साथ ही लोगों को आश्वत करते हुए उन्होंने लिखा, हम उनके द्वारा किए गए जघन्य अपराध के लिए मृत्युदंड सहित अधिकतम सजा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मणिपुर से जुलाई माह में दो छात्र लापता हो गए थे। लेकिन सोशल मीडिया में बच्चों के शवों की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। मामले पर लोगों के आक्रोश को देखते हुए मणिपुर सरकार ने लोगों से संयम बरतने को कहा था। वहीं अधिकारियों को दोनों के अपहरण और हत्या की जांच करने को कहा था। दोनों छात्रों की पहचान फिजाम हेमजीत(20) और हिजाम लिनथोइनगांबी(17) के रुप में हुई थी।

# बारामूला में पुलिस ने 403 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया



**श्रीनगर, एजेंसी।** पुलिस ने इस साल जम्मू–कश्मीर के बारामूला जिले में 403 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 12.28 करोड़ रुपए की ड्रग बरामद की है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर तक पुलिस ने नारकोटिक्स ड्रग एंड फोटोट्रॉफिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत 231 मामले दर्ज किए हैं, जिसके कारण 403 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें 62 कुख्यात ड्रग तस्कर शामिल हैं। इन लोगों के खिलाफ पीआईटी एनडीपीएस पीएसए के तहत मामला दर्ज किया गया है।

इसके अतिरिक्त ड्रग तस्करों की 2.1 करोड़ रुपए की संपत्ति भी कुर्क की गई है, जिनमें तीन घर, तीन वाहन और 1.2 करोड़ रुपए की नकदी शामिल है। जब्त किए गए मादक पदार्थ में 3.47 करोड़ रुपए मूल्य की 2.670 किलोग्राम ब्राउन शुगर, 5.96 करोड़ रुपए मूल्य की 4.262 किलोग्राम हेरोइन, 56.22 लाख रुपए मूल्य की 11.245 किलोग्राम चरस तथा 1.16 करोड़ रुपए की कीमत के 194.492 किलोग्राम अनार का भूसा और भांग का पाउडर शामिल है। पुलिस ने इस साल सितंबर तक 28 वाहन भी जब्त किए हैं।

बारामूला पुलिस ने हालाँकि, नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अपने निरंतर अभियान के तहत उल्लेखनीय सफलता हासिल की है, क्योंकि हाल के महीनों में पंजीकृत मामलों की संख्या में काफी गिरावट आई है। पुलिस ने ड्रग तस्करों की 2.1 करोड़ रुपए की संपत्ति भी जब्त की है, जिसमें तीन घर, तीन वाहन और 1.2 करोड़ रुपए की नकदी शामिल है।

## वियतनाम में बाढ़ के कारण 9 लोगों की मौत

**हनोई ,एजेंसी।** वियतनाम के उत्तरी और मध्य क्षेत्रों में 26 सितंबर से 28 सितंबर तक आई बाढ़ में नौ लोगों की मौत हो गई,जबकि एक व्यक्ति लापता है और 10 अन्य घायल हुए हैं। प्राकृतिक आपदा रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय संचालन समिति ने शनिवार को यह जानकारी दी। समिति ने बताया कि भारी बारिश के कारण आई बाढ़ ने घरों, सडक़ों, धान और अन्य फसलों को भी नुकसान पहुंचाया है। साथ ही मुर्गियां और मवेशी भी मारे गए। सामान्य सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार इस वर्ष के पहले नौ महीनों में देश में प्राकृतिक आपदाओं में 98 लोग मारे गए या लापता हो गए

# इस बार चुनाव में राजनीतिक दलों को आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों का देना होगा स्पष्टीकरण

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां की जा रही और इस बार दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं को घर बैठे मतदान करने की सुविधा मिलेगी वहीं राजनीतिक पार्टियों को आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों के बारे में स्पष्टीकरण देना होगा कि क्या उन्हें दूसरा प्रत्याशी नहीं मिला। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने विधानसभा चुनाव की तैयारियां की की गई समीक्षा के बारे में रविवार को यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते कहा कि राजस्थान की एक शांतिप्रिय राज्य के रूप में पहचान है और आयोग यहां आगामी विधानसभा चुनाव निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं प्रलोभनमुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में पहली बार वोट फॉर होम की सुविधा उपलब्ध




कराई जायेगी और इसके तहत 80 साल से ऊपर के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर बैठे ही यही सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि जो मतदान केंद्र पर आकर वोट डालना चाहे और जो आराम से आ सके उनका स्वागत है। वहीं जो शतायु मतदाता हैं उसका मतदान केंद्र पर स्वागत किया जायेगा और आभार पत्र दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि चुनाव अधिसूचना जारी होने के बाद पांच दिन में वोट फॉर होम की सुविधा पाने वाले मतदाताओं को फॉर्म 12डी भरना होगा। इसके बाद चुनाव आयोग उनके घर से ही वोट डालने की व्यवस्था करेगा। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव में गड़बड़ियों को रोकने के लिए कई मतदान केंद्रों से लाइव वेबकास्टिंग होगी। उन्होंने बताया कि 1600 बूथ ऐसे होंगे जिन्हें यूथ संभालेंगे। जिनमें महिलाएं होंगी। राजीव कुमार ने बताया कि राजस्थान में 5.25 करोड़ मतदाता है। इनमें 2.73 करोड़ पुरुष, 2.51 करोड़ महिला मतदाता हैं। इनमें 604 ट्रांसजेंडर है जबकि 5.61 लाख दिव्यांग है। उन्होंने बताया कि इनमें 80 साल से अधिक आयु के 11.8 लाख, सौ साल से अधिक आयु के 18 हजार 462 मतदाता हैं। इस बार 18 से 19 आयु के 21.9 लाख मतदाता पहली बार वोट डालेंगे।

राजीव कुमार ने बताया कि कोई मतदाता यह जानना चाहता है कि किसी उम्मीदवार का क्रिमिनल बैकग्राउंड है या नहीं। इसके लिए 'नो योर कैंडिडेट' एप्लिकेशन है। इसमें कैंडिडेट का पूरा एफिडेविट अपलोड होगा। इसके साथ ही आपराधिक पृष्ठभूमि के प्रत्याशी दैनिक अखबारों में अपनी जानकारी देनी होगी वहीं राजनीतिक पार्टियों को बताना होगा कि उन्होंने आपराधिक पृष्ठभूमि के प्रत्याशी को टिकट क्यों दिया। क्या उस विधानसभा में उनके अलावा कोई प्रत्याशी नहीं था। इसके लिए उन्हें अखबार में स्पष्टीकरण देना होगा।

## पाकिस्तान के साथ आतंकवाद विरोधी' सहयोग के लिए तैयार ईरान

**तेहरान ,एजेंसी।** ईरान के एक शीर्ष सैन्य अधिकारी ने कहा है कि ईरान के सशस्त्र बल आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पाकिस्तान के साथ किसी भी प्रकार के सहयोग के लिए तैयार हैं। ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष मोहम्मद बकेरी ने शनिवार को बलूचिस्तान में एक धार्मिक सभा में घातक आतंकवादी बम विस्फोट पर चिंता व्यक्त करते हुए पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर को दिए संदेश में यह टिप्पणी की। इस विस्फोट में 50 से ज्यादा लोग मारे गए थे।बकेरी ने पाकिस्तान के सेना प्रमुख, सशस्त्र बलों, सरकार और लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की और दुखद घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

# जम्मू–कश्मीर: सुरक्षाबलों ने कुपवाड़ा में हथियारों और गोला–बारूद के भंडार का किया भंडाफोड़



**श्रीनगर, एजेंसी।** सुरक्षाबलों ने जम्मू–कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में हथियारों और गोला–बारूद के एक भंडार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कुपवाड़ा पुलिस और भारतीय सेना द्वारा चलाए गए संयुक्त अभियान में मच्छल के पॉशमार्गी इलाके में हथियारों और गोला–बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया गया। बरामद हथियार और गोला–बारूद नियंत्रण रेखा (छडउ) के पार से भारतीय सीमा लाए गए थे। पुलिस के मुताबिक 30 सितंबर को अपराह्न में संदिग्ध क्षेत्र में योजनाबद्ध अभियान शुरू हुआ। यह अभियान राष्ट्र–विरोधी तत्वों द्वारा उत्पन्न खतरे से निपटने के लिए शुरू किया गया था।

कुपवाड़ा पुलिस और भारतीय सेना ने संयुक्त रूस से यह अभियान शुरू किया था। तलाशी अभियान के दौरान एक प्राकृतिक गुफा से हथियारों और गोला–बारूद का खजाना मिला, जिसे अवैध रूप से नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पार ले जाया गया था। हथियारों के जखीरे में 01 एके सीरीज राइफल, 4 एके मैगजीन, 02 यूबीजीएल (अंडर बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) , 02 हैंडग्रेनेड, 26 यूबीजीएल ग्रेनेड, 7.62 मिमी एके गोला बारूद के 2088 राउंड, 01 साइलेंसर (ध्वनि दबानेवाला यंत्र), 900 ग्राम पीईके (पोटेशियम नाइट्रेट), 20 नंबर 27 डेटोनेटर तार के साथ 19 वाणिज्यिक डेटोनेटर, 02 बूस्टर चार्ज, 02 विस्फोटक उपकरण (सटीक प्रकार अभी तक निर्धारित नहीं किया गया है), 10 संशोधित तंत्र उपकरण, 4 9वी बैटरी, और 01 आईकॉम रेडियो सेट शामिल हैं।

यह अभियान कुपवाड़ा पुलिस द्वारा एकत्रित विशिष्ट खुफिया सूचना के आधार पर शुरू किया गया था, जो क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए हमारे सुरक्षा बलों की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। यह आश्चर्यजनक खोज क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादियों के हाथों में हथियारों और गोला–बारूद की आमद को रोकने के लिए पुलिस और सेना द्वारा अपनाई गई सतर्कता और सक्रिय रुख का एक प्रमाण है। पुलिस ने घाटी में शांति और सुरक्षा को बाधित करने के किसी भी प्रयास को विफल करने के लिए हमारे बलों की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला है।

## यूपी में पांचवीं की छात्रा से अश्लील हरकत करने का आरोपी शिक्षक गिरफ्तार

**अयोध्या ,एजेंसी ।** उत्तर प्रदेश अयोध्या के रुदौली क्षेत्र के मवई के एक परिषदीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक पर कक्षा पांच की छात्रा को स्कूल के कमरे में बंधक बनाकर उसके साथ अश्लील हरकत करने का आरोप लगा है। छात्रा के पिता की तहरीर पर थाना बाबा बाजार पुलिस ने आरोपी प्रधानाध्यापक पर केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र भूषण ने बताया कि बाबा बाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव के व्यक्ति के आरोप लगाया है कि उनकी बच्ची कक्षा पांच में पढ़ती है। प्रधानाध्यापक रिजवान अहमद ने छुट्टी के बाद स्कूल में उसे रोक लिया। आरोप है कि प्रधानाध्यापक ने छात्रा के साथ अश्लील हरकत की।

# लाल इश्क: युवक ने लिवइन पार्टनर का पहले रेता गला, फिर शरीर पर मारे इतने चाकू डॉक्टरों को लगाने पड़े 850 टांके



**नई दिल्ली , एजेंसी।** शक की वजह से अपने लिवइन पार्टनर को चाकू मारकर बुरी तरह जख्मी करने वाले आरोपी को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने गुजरात से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान छबीलपुर, अलीगढ़, यूपी निवासी रिंकू के रूप में हुई है। हमले के बाद महिला के शरीर में 850 टांके लगे थे।

डॉक्टरों के प्रयास के बाद उसकी जान बच गई। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया। रूप नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। लोकल पुलिस के अलावा अपराध शाखा भी उसकी तलाश कर रही थी। अब पुलिस ने उसे गुजरात से ढूंढ निकाला। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

अपराध शाखा के विशेष आयुक्त रविंद्र सिंह यादव ने बताया कि 15 अप्रैल को भारत नामक युवक ने अपनी बहन को चाकू मारने की सूचना रूप नगर थाना पुलिस को दी थी। महिला का गला रेतने के अलावा उसके शरीर पर दर्जनों चाकू के निशान थे। महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने भारत से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसकी बहन अपने पति से अलग रहती थी और रिंकू नामक युवक के साथ कई सालों से लिव इन में रह रही थी। रिंकू उस पर शक करता था। इसकी वजह से बहन ने अलग पीजी में रहना शुरू कर दिया।

घटना वाले दिन रिंकू बहन के पीजी पहुंचा और उसने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। इस बीच क्राइम ब्रांच की टीम को खबर मिली कि आरोपी गुजरात में छिपा हुआ है। एक टीम को राजकोट भेजा गया। वहां से आरोपी को दबोच लिया।

# शाहीन के पास एक धांसू रिकॉर्ड बनाने का है गोल्डन चांस




नई दिल्ली, पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी आगामी वर्ल्ड कप 2023 में धमाल मचाने को बेकरार हैं। अपनी रफ्तार और स्विंग से बल्लेबाजों के मन में खौफ पैदा करने वाले शाहीन अफरीदी के पास एक खास रिकॉर्ड अपने नाम करने का सुनहरा मौका होगा।

शाहीन अफरीदी सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले पाकिस्तानी गेंदबाज बन सकते हैं। अफरीदी को वनडे प्रारूप में विकेटों का शतक पूरा करने के लिए 14 विकेट की दरकार है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने 44 वनडे में 23.36 की औसत से 86 विकेट चटकाए हैं।

**किसके नाम है रिकॉर्ड**

पाकिस्तान की तरफ से सबसे तेज 100 विकेट लेने का रिकॉर्ड इस समय सकलैन मुश्ताक के नाम दर्ज है। सकलैन मुश्ताक ने 53 वनडे में 100 विकेट चटकाए थे। अगले 8 वनडे में अगर शाहीन अफरीदी 14 विकेट ले लेते हैं तो सकलैन मुश्ताक का रिकॉर्ड तोड़कर सबसे तेज 100 विकेट लेने वाले पाकिस्तानी गेंदबाज बन जाएंगे।

वैसे, पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों की बात की जाए तो वकार यूनिस (59 वनडे) लिस्ट में टॉप पर हैं। अफरीदी के पास वकार को पीछे छोड़ने के लिए 14 वनडे का अंतर बचा है। 23 साल के शाहीन चाहेंगे कि आगामी वर्ल्ड कप में 100 विकेट का आंकड़ा पार करते हुए पाकिस्तान को चैंपियन बनाएं।

**पाकिस्तान के लिए सबसे तेज 100 वनडे विकेट लेने वाले गेंदबाज**

सकलैन मुश्ताक – 53 मैच
वकार यूनिस – 59 मैच
शोएब अख्तर – 60 मैच
नावेद उल हसन – 65 मैच
उमर गुल – 67 मैच

**वर्ल्ड रिकॉर्ड किसके नाम है दर्ज**

वैसे, वनडे क्रिकेट इतिहास में सबसे तेज 100 विकेट लेने का रिकॉर्ड नेपाल के लेग स्पिनर संदीप लामिछाने के नाम दर्ज है। संदीप ने केवल 42 मैचों में 100 विकेट चटकाए। अफगानिस्तान के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर जमे हुए हैं। खान ने 44 मैचों में विकेटों का सैकड़ा पूरा किया।

# भारतीय टीम अपना अगला वॉर्म—अप मैच कब और कहां खेलेगी? किस टीम से भिड़ेगी 'रोहित ब्रिगेड'?




नई दिल्ली, । ऑस्ट्रेलिया को वनडे सीरीज में 2–1 से पटखनी देने के बाद भारतीय टीम वर्ल्ड कप 2023 का अपना पहला वॉर्म–अप मैच खेलने के लिए गुवाहाटी पहुंची थी। भारत की मेजबानी में 5 अक्टूबर से वनडे वर्ल्ड कप का आयोजन होगा। इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे 10 देशों को तैयारी करने के लिए दो अभ्यास मैच दिए गए हैं।भारतीय टीम का गुवाहाटी में इंग्लैंड के खिलाफ पहला अभ्यास मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। हालांकि, टॉस के बाद बारिश आ गई और मैच को रद्द किया गया।

**टीम इंडिया का दूसरा अभ्यास मैच**

भारतीय टीम मंगलवार को तिरुवनंतपुरम में नीदरलैंड्स के खिलाफ अपना दूसरा अभ्यास मैच खेलेगी। यह मुकाबला ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम पर खेला जाएगा। बारिश ने यहां दो अभ्यास मैचों का कबाड़ा किया है। याद दिला दें कि दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया था।

इसके अलावा शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड्स के बीच अभ्यास मैच खेला गया और वो भी बेनतीजा रहा। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करके 23 ओवर में सात विकेट खोकर 166 रन बनाए। नीदरलैंड्स ने जवाब में 14.2 ओवर में 6 विकेट खोकर 84 रन बनाए थे। इसके बाद बारिश के कारण आगे का मैच रद्द कर दिया गया।

**तिरुवनंतपुरम का मौसम**

एक्यूवेदर के मुताबिक तिरुवंनतपुरम में 3 अक्टूबर को भी बारिश की गहरी संभावना है। यहां सुबह से ही बादल छाए रहने की उम्मीद है। भारतीय टीम को अभ्यास मैच में बल्लेबाजी या गेंदबाजी करने का मौका मिल पाएगा, यह सब इस रिपोर्ट के मुताबिक तो न के बराबर ही नजर आ रहा है। वैसे, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड्स के बीच जिस तरह मैच हुआ, उसी प्रकार कम ओवर के मैच की संभावना बनी हुई है।

# पूर्व ऑलराउंडर का बड़ा बयान, कहा—भारत को चोकर्स कहना गलत, हमने जीते हैं तीन विश्व कप

नई दिल्ली, 2011 विश्व कप के नायक रहे पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह का मानना है कि टीम भारत इस बार विश्व कप के सेमीफाइनल के लिए अवश्य क्वालीफाई करेगी। आगामी वैश्विक टूर्नामेंट को लेकर विक्स के चीयर एंथम कार्यक्रम में पहुंचे युवराज ने कहा कि टीम भारत को चोकर्स कहना गलत है, हमने तीन विश्व कप जीते हैं। सुकांत सौरभ ने आगामी विश्व कप को लेकर युवराज सिंह से विशेष बातचीत की, पेश हैं मुख्य अंश :

भारत की वर्तमान टीम में क्या कोई ऐसा क्षेत्र है जिस पर उन्हें विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है?

– मुझे लगता है कि हमारी टीम के पास गेम टाइम कम था, हमने अधिक वनडे नहीं खेले हैं क्योंकि अब टी–20 अधिक होती है। अच्छी बात यह है कि मध्यक्रम के सभी बल्लेबाज फार्म में आ गए हैं। सूर्य फार्म में हैं, श्रेयस फार्म में लौट आए हैं, केएल ने चोट से उभरने के बाद शतक लगाया, इशान लंबे समय से अच्छा कर रहे हैं, यह बहुत अच्छी बात है। कप्तान और कोच के लिए यह सिरदर्द है कि किन्हें खिलाएं और किन्हें बिठाएं। बुमराह ने सही समय पर टीम में वापसी कर ली है। इसलिए मुझे लगता है कि हमारा संयोजन अच्छा बन गया है। हालांकि, हमें पहले दो–तीन मैच में एक संतुलित संयोजन तैयार करना होगा। साथ ही हमें विकेट के अनुसार देखना होगा कि एक अधिक स्पिनर खेलेगा या तेज गेंदबाज खेलेगा।

ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध हमने जो अंतिम तीन वनडे खेले उसमें हमने देखा कि सभी पिचें सपाट थीं। क्या विश्व कप में भी हमें ऐसी ही पिचें देखने को मिलेंगी?

–मुझे लगता है कि ऐसी ही पिचें होंगी, हाई स्कोरिंग मैच होंगे। दूसरी बात यह है कि भारत में मैदान छोटे भी हैं। अब जो नया नियम बना है, जिसमें पांच फील्डर 30 यार्ड के भीतर और दो नई गेंदें उससे बल्लेबाजों को अधिक लाभ तो मिलेता ही है। निश्चित रूप से सभी मैच हाई स्कोरिंग होंगे और जहां भी लो स्कोरिंग मैच हुआ तो मुझे ऐसा लगता है कि हमारे पास अब ऐसे गेंदबाज हैं जो उसे डिफेंड कर सकें।

2011 में हमारे बाद से अब तक जिस देश ने विश्व कप की मेजबानी की, वह चैंपियन बनता आया है। क्या हमने जो प्रारंभ किया था उसे इस बार जारी रख सकेंगे?

–मेरे अनुसार हमें इस तरह का दबाव नहीं लेना चाहिए। अगर आपको विश्व कप जीतना है तो आपको हर टीम को हराना पड़ेगा। आपको सर्वश्रेष्ठ टीम बनना ही पड़ेगा। अगर आप 1983 का विश्व कप देखें, हमने सर्वश्रेष्ठ टीम वेस्टइंडीज को हराया। 2011 में अगर आप देखेंगे तो हमने तात्कालिक सर्वश्रेष्ठ टीम आस्ट्रेलिया को हराया। अगर आपको यह विश्व कप जीतना है तो सर्वश्रेष्ठ टीम को हराना पड़ेगा। मेरे अनुसार सेमीफाइनल एक अत्याधिक दबाव वाला मैच होगा क्योंकि यह प्रारूप अलग है। उस मैच में एक अच्छी टीम का दबाव होगा, हमें उस दबाव वाले मैच को जीतना होगा। हालांकि, तब तक हम पहले से 10–11 मैच खेल कर पहुंचेंगे तो हमारे पास पर्याप्त गेम टाइम होगा। मुझे पूरी आशा है कि टीम भारत सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेगी।




विगत 10 वर्षों से हमने एक भी आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीती है। हमारी टीम चोकर्स तो नहीं बनती जा रही है। दबाव वाले मैचों में टीम भारत को किन बिंदुओं पर ध्यान देना होगा?

–मेरी इसे लेकर बिल्कुल विपरीत अवधारणा है। चोकर वो होता है जिसने कभी कोई टूर्नामेंट नहीं जीता होता है और हर दबाव वाले मैच में हार गया होता है। हम तीन विश्व कप जीतने वाली टीम हैं। फाइनल में पहुंचकर हम दो बार हारे हैं। एक बार पाकिस्तानी टीम ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया इसमें कोई संदेह नहीं है। और जब हम इस बार टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारे तब हमारे पास आईपीएल के बाद तैयारी के लिए हमारे पास केवल चार दिन थे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया पहले से वहां एक टेस्ट मैच खेल चुकी थी। इन चीजों पर कोई ध्यान नहीं देता कि तैयारी के लिए कितना समय मिला, टीम को कितना गेम टाइम मिला। इसमें कोई संदेह नहीं कि टीम ऑस्ट्रेलिया बहुत अच्छा खेली। मुझे नहीं लगता कि हम चोकर्स हैं। मैं इससे इन्कार नहीं कर रहा कि हमने लंबे समय से कोई बड़ा टूर्नामेंट नहीं जीता। पर कोई भी टीम ऐसी नहीं है जिसने लगातार ऐसा प्रदर्शन किया हो। मैं यह समझ रहा हूं कि हम भारतीय हैं तो हम टीम भारत की बात करेंगे, लेकिन मुझे लगता है कि हमारी टीम में क्षमता है कि हम बड़े मैच जीत सकें।

## फिल्मी दुनियां

# फिल्म एनिमल का टीजर जारी, रणबीर कपूर का दिखा धांसू अवतार




रणबीर कपूर स्टारर फिल्म 'एनिमल' साल 2023 की मोस्ट अवेटेड फिल्म है. इस फिल्म के इंटेंस पोस्ट जारी होने के बाद से फैंस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. वहीं मेकर्स ने फैंस को बड़ा तोहफा देते हुए 28 सितंबर यानी आज रणबीर कपूर के बर्थडे पर 'एनिमल' का मोस्ट अवेटेड टीजर रिलीज कर दिया है. टीजर काफी धमाकेदार है. टीजर की शुरुआत में अनिल कपूर रणबीर कपूर के मुंह पर तमाचे जड़ते हुए नजर आते हैं और कहते हैं ज्योति क्रिमिनल पैदा किया है हमने. इसके बाद रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना नजर आते हैं और रणबीर रश्मिका से कहते है कि माई फादर इज बेस्ट फादर इन द वर्ल्ड. इसके बाद रणबीर का इंटेंस लुक नजर आता है और धांसू एक्शन सीन्स भी दिखते हैं. टीजर के लास्ट में बॉबी देओल नजर आते हैं. टीजर में रणबीर कपूर के वायलेंट लुक को देखर रौंगटे खड़े हो जाते हैं. इससे ये साफ हो गया है कि फिल्म में वे अपने डेंजरस लुक से इम्प्रेस करने वाले हैं. मिनट 29 सेकंड की क्लिप में, मेकर्स ने एनिमल उर्फ रणबीर और उनके एक्शन से भरपूर सीन्स की एक झलक दी है. एक गैंगस्टर ड्रामा मानी जाने वाली इस एंटरटेनिंग फिल्म में रणबीर मुख्य भूमिका में हैं, जिसकी कहानी एक पिता–पुत्र के बीच तनावपूर्ण रिश्ते पर फोकस्ड है. अनिल कपूर एनिमल में रणबीर के पिता के रोल में नजर आएंगे वहीं रश्मिका मंदाना रणबीर की गर्लफ्रेंड के रोल में हैं. ये फिल्म पहले अगस्त में रिलीज होने वाली थी. बाद अगस्त में यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सनी देओल की गदर 2 और अक्षय कुमार स्टारर ओएमजी 2 से क्लैश कर रही थी. इसे देखते हुए मेकर्स ने रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया.

## विक्की कौशल की द ग्रेट इंडियन फैमिली को मिली मामूली बढ़त

हिंदू–मुस्लिम एकता का पाठ पढ़ाती विक्की कौशल की फिल्म द ग्रेट इंडियन फैमिली ने इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में दस्तक दी है।हास्य और व्यंग्य से भरपूर इस फिल्म को समीक्षकों द्वारा मिली–जुली प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं, लेकिन दर्शकों ने द ग्रेट इंडियन फैमिली को नकार दिया है।यही वजह है कि फिल्म पहले दिन से टिकट खिडक़ी पर संघर्ष कर रही है। हालांकि, रविवार को इसकी कमाई में थोड़ा–बहुत इजाफा देखने को मिला है। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म द ग्रेट इंडियन फैमिली ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन (रविवार) 2 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।इसी के साथ फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 5.12 करोड़ रुपये हो गया है।द ग्रेट इंडियन फैमिली ने अपनी रिलीज के पहले दिन 1.4 करोड़ रुपये कमाए थे तो वहीं दूसरे दिन फिल्म की कमाई में थोड़ा–बहुत इजाफा हुआ और यह फिल्म 1.72 करोड़ रुपये समेटने में सफल रही।

# स्टार परिवार अवाड्र्स में पहली बार परफॉर्म करेंगी भाविका शर्मा



शो गुम है किसी के प्यार में में सावी की भूमिका निभाने वाली एक्ट्रेस भाविका शर्मा ने स्टार परिवार अवाड्र्स में परफॉर्म करने के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया।

स्टार प्लस ने स्टार परिवार अवाड्र्स की घोषणा की है। यह पांच साल के अंतराल के बाद वापस आने के लिए तैयार है।

भाविका स्टंट करती नजर आएंगी और बॉलीवुड गानों पर डांस करेंगी।इसी के बारे में बात करते हुए भाविका ने कहा, मैं स्टार प्लस फैमिली और स्टार परिवार अवाड्र्स का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हूं। यह पहली बार है जब मैं स्टार परिवार अवॉर्ड्स में परफॉर्म करूंगी।उन्होंने कहा, पांच साल बाद अवॉर्ड्स वापस आ रहे हैं। मैं इनसे जुड़क़र सौभाग्यशाली हूं। 12 घंटे तक शूटिंग करने के बाद मैं रिहर्सल के लिए गयी। बिना कष्ट किये फल नहीं मिलता। इसमें बहुत मेहनत की है।भाविका ने कहा कि वह दर्शकों द्वारा स्टार परिवार अवाड्र्स का जादू देखने का इंतजार नहीं कर सकती।

स्टार परिवार अवाड्र्स में रूपाली गांगुली, प्रणाली राठौड़, शक्ति अरोड़ा, भाविका शर्मा, सयाली सालुंखे, विजयेंद्र कुमेरिया, अविनाश मिश्रा, नेहा सोलंकी और कई अन्य कलाकार मौजूद रहेंगे।

# मृणाल ठाकुर की आंख मिचौली का ट्रेलर जारी, 27 अक्टूबर को रिलीज होगी फिल्म



बॉलीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर पिछले कुछ वक्त से अपनी आने वाली फिल्म आंख मिचौली को लेकर चर्चा में हैं।

इसमें उनके अलावा अभिमन्यु, परेश रावल, शरमन जोशी, दिव्या दत्ता, अभिषेक बनर्जी, दर्शन जरीवाला, ग्रुशा कपूर और विजय राज जैसे कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। अब निर्माताओं ने आंख मिचौली का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो कॉमेडी से भरपूर है।मृणाल और परेश की जबरदस्त अदाकारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है।

फिल्म आंख मिचौली का निर्देशन उमेश शुक्ला द्वारा किया जा रहा है और फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। आशीष वाघ इसके निर्माता हैं।आंख मिचौली इसी साल 27 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। बता दें, कुछ दिन पहले निर्माताओं ने आंख मिचौली का पहला पोस्टर जारी किया था, जिसमें सभी कलाकार मस्ती भरे अंदाज में नजर आए।

# विराज डोबरियाल की नकारात्मक छवि से परेशान नहीं हैं करणवीर बोहरा



टेलीविजन शो सौभाग्यवती भव : नियम और शर्तें लागू में विराज डोबरियाल की भूमिका निभाने के लिए अभिनेता करणवीर बोहरा तैयार हैं। उन्?होंने कहा कि वह अब शो में अपनी नकारात्मक छवि से परेशान नहीं होते।

अभिनेता ने यह भी याद किया कि कैसे पहले वह अपनी नकारात्मक छवि को साफ करने के लिए हरसंभव प्रयास करते थे क्योंकि लोग यह मानने लगे थे कि वह बिल्कुल उनके किरदार विराज की तरह है।

अभिनेता करणवीर बोहरा ने कहा, जब पिछला सीजन समाप्त हुआ, तो मुझे एक मुश्किल स्थिति का सामना करना पड़ा। भले ही मैंने विराज डोबरियाल की भूमिका बहुत अच्छी तरह से निभाई थी, लेकिन कुछ अप्रत्याशित हुआ। लोग सोचने लगे कि मैं असल जिंदगी में बिल्कुल विराज जैसा हूं। लोगों ने मुझे इस किरदार से जोडऩा शुरू कर दिया, उनका मानना था कि मैं असल जिंदगी में विराज जैसा ही हूं। यह मेरे लिए व्यक्तिगत और पेशेवर तौर पर एक चुनौतीपूर्ण समय था।

अपनी सार्वजनिक छवि को भुनाने की करणवीर की यात्रा को विभिन्न रियलिटी शो में भागीदारी सहित जान–बूझकर किए गए प्रयासों द्वारा चिह्नित किया गया था। वह दुनिया को यह दिखाने के लिए कृतसंकल्प थे कि वह दुष्ट विराज नहीं बल्कि अपनी कला के प्रति प्रतिबद्ध अभिनेता हैं।

उन्होंने आगे कहा, मुझे स्पष्ट रूप से याद है कि जब पिछला सीजन समाप्त हुआ था, तो मुझे बहुत काम करना पड़ा और कई रियलिटी शो में भाग लेना पड़ा, सिर्फ एक कारण से, जो था विराज डोबरियाल की अपनी नकारात्मक छवि को साफ़ करना।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com